हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची ● मंगलवार ● 01.10.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 72 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपया 2 रुपया



## एक नजर

### वनाधिकार कानून का रामगढ़ में हो रहा उल्लंघन, ग्राम सभा मंच ने किया प्रदर्शन

**रामगढ़ :** जिले में वनाधिकार कानून का उल्लंघन हो रहा है। आदिवासियों और वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उसके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। इस मुद्दे पर सोमवार को जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू के नेतृत्व में एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा धारण किए आदिवासी समाज के हजारों लोग कोठार ओवर ब्रिज से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। उनके हाथों में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र भी थे, जो उनके अंदर के गुस्से को परिलक्षित कर रहा था। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य डीसी चंदन कुमार से मिले और उन्हें पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिला ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू ने बताया कि रामगढ़ जिले में वन अधिकार कानून 2006 नियम 2008 और संशोधित नियम 2012 को विधि सम्मत लागू नहीं किया जा रहा है। सैकड़ो व्यक्तिगत और सामुदायिक वनाधिकार दावे अनुमंडल या जिला स्तर पर लंबित पड़े हैं। वनाधिकार के मामले में वन विभाग द्वारा मनमानी की जा रही है। वनाधिकार दावों को रद्द या निरस्त करने पर दावेदारों या ग्राम सभा एवं वनाधिकार समिति को सूचना दी जानी है, पर ऐसा नहीं हो रहा।

### शमशान चंपा शो में एक नया मोड़

**हजारीबाग :** मुंबई शेमारू उमंग के लोकप्रिय सुपरनैचुरल शो 'शमशान चंपा' में अब एक नया मोड़ आने वाला है, शो की तृप्ति मिश्रा शो में निडर महिला के रूप में नजर आ रही हैं, जो शमशान घाट से चंपा के फूल इकट्ठा करके उससे सिंदूर बनाती है। किसी गलतफहमी के चलते गांव वाले उसे एक डायन समझने लगते हैं और क्रोध में आकर उसे जिंदा जला देते हैं। अब वह अपने डायन रूप की शक्तियों को पहले से कहीं ज्यादा भव्य रूप से इस्तेमाल करने के लिए तैयार है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया है। शो की तृप्ति मिश्रा ने कहा, यह डायन की पारंपरिक छवि को चुनौती देता है और अब जब मोहिनी को पता चला है कि वो न केवल एक डायन बल्कि अपनी दिव्य शक्तियों की सहायता से विक्रम की रक्षिणी भी हूं, तो कहानी पूरी तरह एक नया मोड़ ले लेती है।

### गिरिडीह में जेएमएम के कार्यक्रम से पहले हुआ हादसा

**गिरिडीह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के कार्यक्रम से पहले सोमवार को एक हादसा टल गया। यदि अप्रिय घटना होती तो कई लोग घायल हो सकते थे लेकिन उससे पहले एक घटना घट गई और कार्यक्रम स्थल को बदल दिया गया। गिरिडीह महाविद्यालय के बहुउद्देशीय परीक्षा भवन में झारखंड युवा मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित था। सम्मेलन को जेएमएम की नेता कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, सांसद सरफराज अहमद, विधायक सुदीप्य कुमार संबोधित करने वाले थे। कार्यक्रम की पूरी तैयारी भी हो गई थी। इस बीच सोमवार की सुबह कार्यक्रम स्थल के हॉल की फॉल्स सीलिंग का एक भाग गिर गया। उस वक्त वहां कुछ मजदूर काम कर रहे थे। मजदूर थोड़ी दूर पर थे। इसलिए किसी को चोट नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप मंडल पहुंचे और पूरे मामले से कॉलेज प्रबंधन को अवगत कराया। फिर कार्यक्रम स्थल में फेरबदल किया गया।

# जनसंख्या के आधार पर विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक भागीदारी मिले : विकास राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन, हजारीबाग में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने किया। इस बैठक में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के विभिन्न जिलों से विश्वकर्मा समाज के प्रदेश स्तरीय कोर कमेटि सदस्य उपस्थित हुए । प्रदेश स्तरीय कोर कमिटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि सभी राजनितिक दलों के शीर्ष नेताओं से मिलकर विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये अपना पक्ष रखेगा। सभी राजनितिक दलों ने विश्वकर्मा समाज को ठगने का काम किया है। आनेवाले विधानसभा चुनाव में विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा बर्दास्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोग अब कार्यकर्त्ता बनकर नहीं हम नेतृत्व करना चाहते हैं। जनसंख्या के आधार पर विश्वकर्मा समाज को राजीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए । प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय जिसमें झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 में विश्वकर्मा समाज की राजनितिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए सभी राजनितिक दलों के शीर्ष नेताओं से मिलकर विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधिमण्डल अपना पक्ष रखेगा। झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की इच्छा रखनेवाले और समाज से समर्थन मांगनेवाले प्रत्याशी को सम्बन्धित जिला कमेटी से अनुसंशा कराकर प्रदेश कमिटी को भेजना होगा उनके समर्थन पर अन्तिम निर्णय प्रदेश कमेटी का होगा। सभी जिला कमेटी के संगठन मजबूती की लिए अपने जिला में प्रत्येक दो महीने में जिला कमेटी की बैठक एवं प्रखण्ड कमिटी की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्णय। प्रदेश स्तर पर विश्वकर्मा समाज की त्रिमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाएगा पत्रिका में राज्य के सभी 24 जिलों की सामाजिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को अंकित किया जायेगा। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के बायलॉज में कुछ बिन्दुओं को संशोधन करने पर चर्चा की गई। प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डोमन राणा, देवराज शर्मा, संजय कुमार शर्मा, शंकर विश्वकर्मा, प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, प्रदेश संयुक्त सचिव गुप्तेश्वर शर्मा, देवनाथ राणा, प्रो विनोद शर्मा, नन्दलाल शर्मा, हीरामन मिस्त्री, यदु राणा, नुनूलाल विश्वकर्मा, नन्दलाल शर्मा, विनोद शर्मा, डोमन शर्मा, गंगाधर शर्मा, सुभाष राणा, जीतन राणा, गणेश राणा, लखन लाल शर्मा, रामलखन राणा शामिल थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 140 से अधिक ग्रामीणों का हुआ इलाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** गोंदलपुरा कोयला खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महुगाई कला की मुखिया बेबी कुमारी और चंदौल पंचायत के उपमुखिया शमशेर आलम ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को सुविधाजनक बनाने में अदाणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। शिविर में विभिन्न आयु वर्गों के 140 से अधिक ग्रामीणों का नि:शुल्क इलाज किया गया। अब जल्द ही दृष्टि दोष वाले मरीजों के बीच नि:शुल्क चश्मों का भी वितरण किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञों और गैर सरकारी संगठन हेल्पएज इंडिया के सहायक कर्मचारियों की कुशल टीम ने पूरे शिविर में कार्यक्रम के दौरान अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान ग्रामीणों के बीच दृष्टि दोष, कमजोर नजर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियां मिली। मौके पर डॉक्टरों ने मरीजों को आंखों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया और दृष्टि दोष का पता लगाते हुए ग्रामीणों को आवश्यक उपचार परामर्श भी दिए। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में नि:शुल्क बेल्ट फोर्स ट्रेनिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं।

### चौपारण थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

## कैमरा और वालंटियर से रखी जाएगी हुड़दंगियों पर नजर : थाना प्रभारी

प्रत्यूषन नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** दुगार्पूजा को लेकर थाना परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें प्रखण्ड में आयोजित सभी 9 पूजा पंडालों के प्रतिनिधि मैजूद रहें व अपनी कार्यक्रमों की जानकारी दी। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि पंडालों में वॉलिंटियर अलग वस्त्र या बिल्ला का प्रयोग करे। ताकि मददगार आसानी से वालंटियर को पहचान कर उनसे सहायता ले सके और हर पंडालों में कैमरे की निगरानी से हुडदंगो पर नजर रखी जाएगी। उपस्थित लोगों ने शराब पर प्रतिबंध व चौपारण ब्लॉक मोड़ में चिकन व मटन की दुकानों को नवरात्रि भर बंद रखने की मांग की। जिसपर प्रशासनिक स्वीकृति भी मिली। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने सभी से पूजा शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने का आग्रह करते हुवे प्रशाशनिक दिशा निदेर्शों को बताया। जबकि सर्कल इंस्पेक्टर विमल लकड़ा ने भी सभी को आश्वस्त किया कि पूजा में प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही नही बरतेगी। वहीं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश कहा कि असामाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी लोग अफवाहों से दूर रहे व शोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश न डालें। बैठक में उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, मुखिया रेखा देवी, ममता कुमारी, अर्चना हेमरोम, सुनीता देवी, मोहन साव, कृष्णा रविदास, छोटू चंद्रवंशी, कृष्णा कसेरा, मो० सफाल, हेलाल अख्तर, महेश केशरी एवं बिरजू राणा सहित कई सामाजिक व रानीतिक लोग उपस्थित थे।

## खेल से खिलाड़ियों में शारीरिक मानसिक सहित होता है सर्वांगीण विकास : उमेश मेहता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूनामेंट का धूम है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कुशवाहा समाज खेल मैदान शिवाड़ीह में चल रहें नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन सोमवार को हुआ।इस टूनामेंट में कुल 44 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अंबेडकर एफसी बादम बनाम चेलंगदाग एफसी के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में चेलंगदाग की टीम ने 1 गोल से बढ़त बनाकर इस टूनामेंट का विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। और फाइनल मैच में कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में मुख्य रेफ्री की भूमिका शहंशाह खान एवं सहायक रेफ्री की भूमिका श्रीकांत निराला और बिरेंद्र दास ने निभाया। फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता शामिल हुए। और रोमांचक फाइनल मुकाबले का आनंद लेने के उपरांत विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया और खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित किया। विजेता टीम को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 25 हजार रुपए का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया गया। इस मौके में संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उमेश मेहता ने उपस्थित खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा की साल 2016 से हजारीबाग सदर विधानसभा से शुरू हुआ। यह टूर्नामेंट वर्तमान साल संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों तक विस्तार हुआ। कुल 22 प्रखंडों में से कुल 18 प्रखंडों में या तो टूर्नामेंट का समापन हो गया या समापन की स्थिति में है और आने वाले 10 दिनों के अंदर खेल के इस महाकुंभ का सफल समापन कर लिया जायेगा।

## जागोडीह की सभा में दर्जनों ने थामा भाजपा का दामन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत ऐतिहासिक ग्राम जागोडीह में भाजपा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का पारंपरिक झूमर गाकर व मांदर बजाकर स्वागत किया। गाँव के बीच में जनसभा का आयोजन किया गया। गाँव के डेढ दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को विधायक ने भाजपा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभुत पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि चार दशक से दिन रात क्षेत्र की सेवा कर रहा हूँ। जनता का स्नेह मुझे हर समय मिलता है। बीते लोकसभा चुनाव में गाँव से अदभुत सहयोग मिला। गाँव तथा पंचायत के सभी जनता को आभार प्रकट करता हूँ। गाँव की समस्या को दूर करने के साथ सर्वांगीण विकास के लिए काम करता रहुंगा। भाजपा में शामिल होने वालों उमेश भुइंया, विकास चंद्रवंशी, भोला भुइंया, पिंटू रविदास, सोनु चंद्रवंशी, निर्मल भुइंया, सोनु पांडेय, गणेश यादव, पुतुल देवी, रिंकी देवी, बिनय भुइंया, पार्वती देवी, गुणवा देवी सहित अन्य शामिल हुए।

# हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारा आस्तित्व है : डॉ मुनीष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस के प्रशासनिक भवन परिसर में सोमवार को किया गया। बता दें कि हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत बीते 14 सितंबर को की गई थी, जिसमें श्लोक वाचन, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद, कविता पर आधारित गायन, स्वरचित कविता पाठन सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। सोमवार को समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार के हाथों दीप प्रज्ज्वलन व मां शारदे को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सभी अतिथियों का परंपरागत स्वागत पम्मी के स्वागत गान के साथ किया गया। इसके बाद अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी सनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि न केवल हिन्दी संवाद का माध्यम है बल्कि भारतीय संस्कृति और विचारों का प्रतिबिंब भी है। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए आयोजन में सहभागिता के लिए सभी का उत्साहवर्धन भी किया। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत में हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह देश के बहुसंख्यक आबादी की बोली एवं समझी जाने वाली प्रमुख भाषा है। ऐसे में हर क्षेत्र में हिंदी भाषा को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सही मायने में हिंदी भाषा को उसका दर्जा प्रदान करना है तो हम सबको हिन्दी को पूरी तरह अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं कि जब भी हिंदी का ज़िक्र आता है, हिंदी और आगे बढ़ जाती है। हिन्दी हमारे लिए केवल भाषा नहीं बल्कि हमारा आस्तित्व है। इस कार्यक्रम को डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष सबीता कुमारी, नेहा सिन्हा, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश, प्रभात किरण, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ प्रीति व्यास, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक संजय कुमार दांगी, डॉ ओम कुमार दास, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार, रितेश कुमार, अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका सबा परवीन समेत अन्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और हिंदी भाषा के बढ़ावा पर जोर दिया। इस बीच विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कविता पाठ, नृत्य और गायन कार्यक्रम को और खुशनुमा बना दिया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। मंच संचालन विज्ञान विभाग की छात्रा हेरा फातिमा व अंग्रेजी विभाग के छात्र गुलशन सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन कृषि विभाग की छात्रा पूजा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईक्यूएसी निदेशक डॉ एसआर रथ, कार्यक्रम संयोजक डॉ रोजी कांत, डॉ प्रीति व्यास, सहायक कुलसचिव अमित कुमार, कुमारी सीमा, डॉ अरविंद कुमार, संजय कुमार दांगी, डॉ ओम कुमार दास, शुभा कुमारी, रविकांत, सबीता कुमारी, रितेश कुमार सहित अन्य महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची हवाई अड्डे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का हुआ भव्य स्वागत



**रांची/हजारीबाग :** रांची हवाई अड्डे पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेताओं का हार्दिक स्वागत किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर स्थानीय नेताओं ने उनका अभिवादन किया। हवाई अड्डे पर एक संक्षिप्त लेकिन उत्साहपूर्ण स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राष्ट्रीय समन्वयक एवं झारखंड सोशल मीडिया प्रभारी अभय तिवारी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय, एवं हजारीबाग के वरिष्ट कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा नेत्री ने किया जनसंपर्क



**हजारीबाग :** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा संचालित परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग गांधी मैदान में जनसभा करेंगे एवं झारखंड विधानसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। सोमवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखण्ड में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कटकमसांडी प्रखण्ड स्थित कंचनपुर के काली मंदिर में माँ काली की दर्शन एवं शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं वैभव का संचार करने की प्रार्थना की। इसके बाद कटकमसांडी प्रखण्ड के शाहपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी। तत्पश्चात शाहपुर पंचायत के ग्राम झरदाग, डांटोखुर्द पंचायत के ग्राम कठौतिया एवं आराभुसाई पंचायत में ग्राम दोहरी में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गांधी मैदान हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन को लेकर आगमन हो रहा है। हजारीबाग के पावन धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कदम पडते ही परिवर्तन यात्रा के साथ झारखंड में झुठ लुट एवं ठगबंधन के हेमंत सरकार का परिवर्तन की बयार चहुंओर बहेगी। आइए हम सभी मिलकर उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन करें। मौके पर शाहपुर उपमुखिया प्रेमचंद प्रसाद, बुथ अध्यक्ष दुर्जेय प्रसाद, भाजपा कार्यकर्ता अशोक यादव, शम्भू प्रसाद, योगेन्द्र प्रसाद, ब्रजेश प्रसाद, उर्मिला देवी, राज किशोर प्रसाद, आकाश कुमार, मनमीत अकेला, रोहित पांडे, मनोज पांडे, विकाश हरि, आशीष कुमार एवं राहुल पांडेय सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान सराहनीय : ललिता देवी

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का वार्षिक साधारण बैठक एफपीओ कार्यालय, नवादा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जया अहमद और संचालन राहुल कुमार ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मांडू के पूर्व विधायक जेपी पटेल की पत्नी ललिता देवी, मांडू विधानसभा के भावी प्रत्याशी डा० नजीर अंसारी एवं उप प्रमुख सरयु साव उपस्थित रहे। ललिता देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कंपनी से जुड़कर हमारी विष्णुगढ़ की महिलाएं सशक्त हो रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही है। ये हम गृहणियों के लिए बहुत ही सुनहरा मौका है कि हम इस कंपनी के माध्यम से लोगों को कृषि के क्षेत्र में जागरूक करें। और आगे बढ़ें। डॉ० नजीर अंसारी ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लगा कि यहां आई सैकड़ो महिलाएं जो इस कंपनी से जुड़ी है और इस कंपनी के माध्यम से बीज से लेकर फसल को मंडी पहुंचने तक कहीं भी बिचौलियों का सहारा नहीं लेना पड़ता है। क्योंकि गोरिया करमा से अच्छी गुणवत्ता वाली बीज उपलब्ध हो जाती है जिसकी खेती करती हैं और दूसरों को भी प्रेरित करती हैं। जिससे अच्छी और अधिक उपजाऊ होने पर उस फसल को सीधा मंडी तक पहुंचाया जाता है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसमें कम लागत में बीज भी मुहैया हो जाती है और अच्छे मुनाफे में फसल भी बेचा जाता है। बिना किसी का सहयोग लिए। मैं आशा करूंगा कि ऐसे ही और भी कई संस्थान इस क्षेत्र में खुलनी चाहिए ताकि हमारे विष्णुगढ़ के लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके। उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि हमारे बहनों का यह हौसला देखकर मुझे गर्व होता है कि हमारी बहने अगर सफल होगी तो आर्थिक रूप से एक परिवार मजबूत होगा तभी हमारे क्षेत्र और देश का विकास संभव है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख उमा देवी, पूर्व जिप सदस्य सरस्वती देवी, गुरु प्रसाद साव, लेखापाल कांति कुमारी,कमरुल अंसारी, इकबाल अंसारी, दीपक रजक, कंपनी के प्रबंधक रोहित कुमार साव, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर वीणा देवी, शकील अंसारी, हाजरा खातून, इमरान अंसारी, बेबी देवी, आशिक अंसारी, इशरत खातून, लीलावती देवी, आरती देवी, ज्योति कुमारी के अलावा सैकड़ों की संख्या में कंपनी से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।

### अनुप्रिया फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर किया जायेगा कार्यक्रम

**हजारीबाग :** अनुप्रिया फाउंडेशन एवं झारखण्ड वैश्य संघर्ष मोर्चा की साझा बैठक हुई जिसमें आगामी गांधी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया साव एवं वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश्वर साहू एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि भारत के प्रधानमंत्री के आगमन के कारण सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम के समय सारणी एवं रूट चार्ट में परिवर्तन आवश्यक हो गया है, जिसके कारण नए समय सारणी के अनुसार वैश्य समाज से संबंधित सभी उपजाति के सम्मानित व सक्रिय सदस्यों एवं हजारीबाग के आम जनमानस को आह्वान किया गया है कि वे सभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस यात्रा सह संगोष्ठी में शामिल हों। यह यात्रा 2 अक्टूबर को प्रातः 6:00 बजे पूर्व निर्धारित पंच मंदिर प्रांगण से शुरू होकर कुम्हारटोली स्थित गांधी स्मारक तक पैदलयात्रा के माध्यम से जायेगी जहां एक सामुदायिक भवन में संगोष्ठी के माध्यम से राष्ट्र की दोनों विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जायेंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली है। कार्यक्रम के पूर्व तैयारी में अनुप्रिया फाउंडेशन एवं वैश्य समाज के दर्जनों सदस्य सक्रिय हैं।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 01.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 72 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 37 हजार युवाओं को सौंपा जॉब ऑफर लेटर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को एरोड्रम ग्राउंड, बलियापुर, धनबाद में आयोजित 'झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 - जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण' समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है। इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक -युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है। देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आज आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है। अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराशकर रोजगार अर्जित करें। विभिन्न कंपनियों के सी.ई.ओ तथा एम.डी अब राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है। मेरी ओर से भी आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस



झारखंड स्किल कांक्लेव में जॉब ऑफर लेटर बांटते सीएम

अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहें।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के नौजवानों को हमारी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार विशेष कर युवाओं के मार्ग प्रशस्त हेतु काम करने में सफल रहेगी।

### राज्य में खुलेंगे श्रम आवासीय स्कूल, गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि श्रम विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिला में श्रम स्कूल खोला जाएगा।

### शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित कर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इसी के मद्देनजर हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले। ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले नौजवानों से कहा कि आज आपसभी का यह पहला पड़ाव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के बहुत से नौजवानों ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 20 से 25 हजार रुपए की सैलरी से काम करना शुरू किया था, आज वही नौजवान लाखों रुपए की सैलरी में देश-विदेश की कई जाने-माने कंपनियों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं को इस प्रकार सुदृढ़ और मजबूत बनाया जाए कि बदलते वक्त के अनुसार गरीब, मजदूर, किसान सभी वर्ग समुदाय के बच्चे भी कदम से कदम मिलाकर चल सकें, इस निमित्त हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।


## एक नजर

### पीएम मोदी कल झारखंड को देंगे 83,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर बुधवार को हजारीबाग दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी हजारीबाग में आयोजित 3 अहम कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिनमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय में होने वाले पहले कार्यक्रम में वे कई राष्ट्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मटवारी के गांधी मैदान में होने वाले दो अलग-अलग कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे और भाजपा के 'परिवर्तन महासभा' का भी समापन करेंगे। इस दौरान पीएम जनजातीय विकास से जुड़ी कई योजनाओं का भी शुभारंभ कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि अपने झारखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड में 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की अनेकों परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## झारखंड में नहीं बढ़ेगी बिजली दर, मीटर रेंट भी हुआ माफ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा उपहार दिया है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की बैठक में फैसला लिया गया है कि बिजली के दर में कोई वृद्धि नहीं होगी। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए दूसरी राहत की बात ये है कि उन्हें अब मीटर का रेंट भी नहीं होगा। आयोग का मानना है कि एस साल में बिजली की सप्लाई में सुधार नहीं हुआ है, जिससे बिजली दर में बढ़ोत्तरी नहीं की गयी है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को विद्युत नियामक आयोग की बैठक हुई। आयोग के सचिव ने नियामक आयोग जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर सुनवाई की और वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बिजली दर बढाने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। आयोग के तकनीकि सदस्य अतुल कुमार और विधि सदस्य महेंद्र प्रसाद बैठक में बिजली दरों की वर्तमान टैरिफ, प्रस्तावित टैरिफ और पावर सप्लाई की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के बाद आयोग ने यह फैसला दिया कि बिजली दरों में किसी तरह की बढ़ोतरी ना की जाये।

उल्लेखनीय है कि झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) की ओर से घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को दिये जाने वाली विद्युत सप्लाई की टैरिफ (प्रति केबी दर) में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया गया था। इसे लेकर उपभोक्ताओं की राय भी ली गई थी। उपभोक्ताओं ने भी टैरिफ में किसी तरह की बढ़ोतरी ना करने का आग्रह आयोग से किया था।

### झारखंड के 4 जिलों के डीसी बदले मंजूनाथ भजंत्री बने रांची डीसी

**रांची :** राज्य सरकार ने छह आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया। इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदल दिया है। मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी गई है। वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ के उपायुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गई है। पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।



**एक नजर**

## कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न, विजेता रही चाईबासा टीम



**बोकारो** : कबड्डी एसोसिएशन एवं झारखण्ड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में 12वी राज्य स्तरीय झारखण्ड कबड्डी प्रतियोगिता 2024के मुख्य अतिथि दुर्गा चरण पार्या विधायक प्रतिनिधि खरसावां सुद्रा पार्या पंचायत अध्यक्ष जे एम एम रूपा रानी तिर्की जिला खेल पदाधिकारी झारखण्ड सरकार समापन समारोह की अतिथि के रूप में उपस्थित रही ।
प्रतियोगिता संयोजक एम पी सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता संचालित एवं सफल हुए । एम पी सिंह जी का का अहम योगदान रहा । फाइनल मुकाबला मे पुरुष वर्ग मे बेस्ट सिंगभूम 32वनाम रांची 22अंक जिसमे बेस्ट सिंघभूम 10अंक से विजय वही महिला वर्ग रांची 40बनाम पे एन्ड प्ले 37अंक जिसमे रांची 3अंक से विजय रही। पुरुष वर्ग में वेस्ट रेडर सम्मी सिंह , वेस्ट कैचर अशोक सिरका, महिला वर्ग में वेस्ट रेडर स्नेहा थापा ,वेस्ट कैचर अपूर्वा गुरुंग सबसे अच्छा प्रदर्शन सुनील कच्छप, यह भी विदित हो कि इस प्रतियोगिता में पुरुष का 18 टीम महिला का 17 टीमें भाग ली।

## सीसीएल कथारा क्षेत्र की कॉलोनियों में गंदगी का अंबार, खुली स्वच्छता अभियान की पोल

**बोकारो** : सीसीएल प्रबंधन स्वच्छता ही सेवा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चला रहा है। सीसीएल कथारा क्षेत्र में अभियान के दौरान जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर कार्यालयों व कॉलोनियों में साफ-सफाई के साथ ही कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर सीसीएल कथारा क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कूड़ेदान कचरे से अटे पड़े हैं। बरसात में इन कचरों की दुर्गंध से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। यह स्थिति स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। स्वच्छता अभियान महज दिखावे के लिए रह गया है। दरअसल, स्वच्छता अभियान उस स्थान पर चलाया जाता है, जो पहले से साफ-सुथरा है। यह अभियान हाथ में झाड़ू लेकर सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सिमट कर रह गया है। स्वच्छता अभियान अब अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन सफाई कहीं दिख नहीं रही है। अब देखना यह है कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर भी स्वच्छता की खानापूर्ति की जाएगी या फिर बापू के सपने को साकार करने का कार्य वास्तविक रूप किया जायेगा। इस मामले में सीसीएल कथारा क्षेत्र का सिविल विभाग भी गंभीर नहीं दिख रहा है। श्रमिक संगठनों के नेताओं ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है।

## तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति अरोग्य समिति के सदस्यों को किया गया जागरूक

**बोकारो** : महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूता हेतु उनकी मासिक बैठक में जाकर जानकारी दी गई। सभी महिलाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव जैसे कैंसर, टी0बी, हृदय रोग, फेफडे की बीमारी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के मुख्य उददेश्यों के बारे मे बताया गया। सभी को जानकारी दी गई कि हमें शहरी क्षेत्र के मलिन बस्ती में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रभाव के प्रति जागरूक करें साथ ही उन्हें तम्बाकू के लत या किसी भी प्रकार के नशा को छोडने हेतु प्रेरित करें यदि कोई छोडना चाहता है। तो उन्हें तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल के 13 नं0 ओपीडी में भेजना सुनिश्चित करें।

# त्रिभुज रूप में दिखेगा पटेल चौक का दुर्गा पूजा पंडाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सेक्टर 9 सी स्थित पटेल चौक एकता क्लब मे भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। एकता क्लब में इस बार पूजा पंडाल को त्रिभुज आकार दिया गया है इस कारण यह पुजा अपने आप में अलग होगा। टेंट हाउस के कुशल कारीगर की ओर से बनाए जा रहे पूजा पंडाल की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। प्रतिदिन 10 से 12 कारीगर पूजा पंडाल का निर्माण में जीजान से जुटे हुए हैं। पटेल चौक एकता क्लब में लगभग 9 लाख रुपए के लागत से भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। अध्यक्ष रवि शंकर ने बताया कि इस वर्ष कुछ अलग तरह का भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें आकर्षक लाइट सज्जा से पूजा पंडाल को सजाया जाएगा।

**एकता क्लब में बनने वाले दुर्गा पूजा पंडाल का प्रारूप।**

9 सी एकता क्लब के चारो तरफ समेत पूरे रोड को आकर्षक लाइट से सजाया जाएगा। पटेल चौक एकता क्लब में विगत 45 वर्ष से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा को कुशल कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है पिछले वर्ष दुर्गा मां की प्रतिमा एवं साथ सजा के लिए प्रथम पुरस्कार से भी हम लोग को सम्मानित किया गया था हर बार हम लोगों की कोशिश रहती है कि श्रद्धालुओं के लिए कुछ नया एवं अलग है के पूजा पंडाल का निर्माण करें पिछले वर्ष गोलाकार पंडाल का निर्माण किया गया था इस वर्ष त्रिभुज रूप पंडाल को दिया जा रहा है 10 भुजा वाली 11 फीट ऊंची प्रतिमा एवं पंडाल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पूजा पंडाल के बाहर मेला भी लगाया जायेगा। पंडाल एवं मेला में सीसीटीवी कैमरा की भी व्यवस्था की गई है मेले में मीना बाजार, झूला, ब्रेक डांस, मिकी माउस सहित कई प्रकार के मनोरंजन के साधन होंगे । इस बार एकता क्लब द्वारा यूनिक दुर्गा पूजा होगा। पूजा पंडाल में कलश स्थापना 3 अक्टूबर को किया जाएगा व सप्तमी से मां का पट खोल दिया जायेगा । मेला समिति में यह है शामिल : सेक्टर 9 सी एकता क्लब पूजा समिति में अध्यक्ष रवि शंकर उपाध्यक्ष विकास राजहंश, महासचिव पंकज सोनार, राजीव मालाकार, कारण यादव, प्रकाश गोराई, सचिव मोनू साह, आकाश पंडित, सूरज पोद्दार, पंकज महतो, राकेश वर्मा, प्रशांत ,कोषाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, पवन महतो, व्यवस्थापक गणेश अग्रवाल ,कार्तिक राजहंस, राहुल कुमार, हरेंद्र प्रताप, अनूप पांडे, संरक्षक कुंदन कुमार गुप्ता,संतोष कुमार यादव, जोगी यादव, बड़े यादव आदि लोग शामिल हैं।

## गंदगी से ग्रामीण परेशान, मुर्गी फार्म बंद करने का प्रशासन से किया आग्रह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दरिदा पंचायत के दरिदा गांव में अंडा फार्म के निर्माण लगभग 2 वर्ष पूर्व किया गया था, पिछले वर्षों से गंदगी, बदबू से परेशान दरिदा और आसपास के लोगों ने वहां संचालित मुर्गी फार्म के संचालक की मनमनी के विरूद्ध सोमवार को मुर्गी फार्म हाउस बंद करने की गुहार जिला के तमाम अधिकारियों से कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा हैं कि मुर्गी फार्म की गंदगी से उक्त स्थान में काफी मात्रा में मक्खियां पनप कर पुरें दरिदा पंचायत में फैल गई है, दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। वही फार्म का मालिक जियाऊल अंसारी पोचरी निवासी है , जो पावर, पैसा के बल पर उस क्षेत्र में गंदगी, बदबू एवम मक्खियों को पनपा रही है, बदबू से दरिदा पंचायत दरिदा गांव सहित आस पास के गावों के लोगो का स्वस्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, संचालक लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है। मुर्गी फार्म के संचालक कभी भी गंदगी वाले स्थान में दवा का छिड़काव नहीं करते है और न ही साफ सफाई करते है, जिससे आए दिन उक्त स्थान से दुर्गंध एवं मक्खियां पनप कर क्षेत्र में फैल रही है, दुर्गंध स्थानीय घरों एवं मार्ग तक पहुंच कर लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रही हैं, ग्रामीणों का कहना है कि उक्त समस्या के संबंध में फार्म संचालक को पिछले वर्ष से कई बार सूचना देकर गंदगी को दूर करने की फरियाद कर चुके थे।

## बीसीसीएल कर्मी राजकुमार की हत्या कर नौकरी लेना चाहता है शंकर मांझी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** आकाश किनारी कोलियरी में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत राजकुमार भुंईया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उसका बड़ा बेटा शंकर मांझी और पुतोहु कौशल्या देवी हर मांह उसके कमाई के पैसे जबरन छीन लेती है ,और दोनों मिलकर मुझे जान से मार कर मेरा बेटा शंकर मांझी मेरी नौकरी और पैसा हासिल करना चाहता है। और अचल संपत्ति भी लेना चाहता है, मेरे छोटे बेटे को नहीं देना चाहता है। उसने यह भी बताया कि दिनांक 27/ 9 /2024 को माननीय ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक धनबाद एवं कतरास थाना प्रभारी को निबंधीत पत्र भेजकर अपने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाया है । मेरा बेटा शंकर मांझी कतरास थाना में शिकायत किया है कि मेरे पिता राजकुमार भुंईया को आकाश किनारी कोलियरी के रामनारायण यादव ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया है और कहीं छुपाकर रखा है । तब से कतरास पुलिस रामनारायण यादव और मुझे बेसब्री से ढूंढ रहा है जबकि सच्चाई यह है कि मेरा रामनारायण यादव तो क्या मेरा किसी ने भी अपहरण नहीं किया है । मुझे मेरा बेटा शंकर मांझी और पुतोहु कौशल्या देवी दोनों मिलकर मेरा गला दबाकर मुझे जान से मारने का प्रयास किया । तब मैं उसी रात जान बचाकर दिनांक 10/ 9/ 2024 बेटा पुतोहु के नजर से ओझल होकर धनबाद में ही जहां तहां रह रहा हूं । उसने आगे यह भी बताया कि मेरा बड़ा बेटा मुझे डियुटी में भी जाने से भयभीत कर रखा है । बेटा पुतोह के डर से दिनांक 6 /9 /2023 से अपनी नौकरी से भी अनुपस्थित हूं। कतरास थाना प्रभारी को इस संबंध में मैं शिकायत की है किंतु थाना प्रभारी उल्टे मेरा बेटा के कहने से और मेरा बेटा से मिलकर मुझे और रामनारायण यादव को पुलिस ढूंढ रही है। जिससे मैं बहुत ज्यादा परेशान हो गया हूं । मैं आपके दैनिक लोकप्रिय अखबार के माध्यम से पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि मेरी सत्य बातों को छानबीन कर मेरे बेटे और पुतोहु के खिलाफ उचित एवं आवश्यक कार्रवाई कर मेरा बेटा और पुतोह को गिरफ्तार करने का कष्ट करें।

## ठाकुर कुल्ही धैया पूजा पंडाल में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही, धैया में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए पूजा समिति की ओर से चित्रकला एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया है। 9 अक्टूबर 2024 को अलग-अलग विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा 10 अक्टूबर 2024 को आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की समय सारणी सहित पूजा समिति की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु पोस्टर जारी किया गया। समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ने बताया कि पूजा के साथ-साथ पूजा समिति समय-समय पर सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करती रहती है। इस श्रृंखला में पूजा के अवसर पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने हेतु अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, संरक्षक प्रद्युत कुमार राय, सचिव मनीष मिश्रा, सहसचिव राजकुमार शर्मा, मनीष पाठक, प्रदीप पाठक, विकास राय, उपाध्यक्ष विमल कुमार,मनोज सिंह, भोला नाथ पांडे, कार्यक्रम संयोजक सुनील चौरसिया, मनीष जायसवाल, आशीष जायसवाल, कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, सह कोषाध्यक्ष सुमित पाठक, संजय मिश्रा, संतोष रजक, मिथिलेश ठाकुर, टिंकू सिंह, प्रसून्न पांडे, गोपाल सिंह, सुभम मिश्रा, प्रखर जायसवाल एवं अन्य सम्मानित सदस्य गण और बच्चे उपस्थित थे।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में बतौर मुख्य अतिथि सह माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची से हेलिकॉप्टर द्वारा बलियापुर स्थित हवाई पट्टी पहुंचे। हैलिपैड पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हदीप पी जनार्दनन ने माननीय मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री का कारकेड सभा स्थल की ओर रवाना हुआ। सभा स्थल पर पारंपरिक तरीके से उनका अभिवादन किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री के कारकेड के साथ सभा स्थल से हैलिपैड तक गए और उन्हें विदाई दी।

# कोयला श्रमिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर कोयला भवन पर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अह्वान पर केन्द्र सरकार एवं कोल इण्डिया के मजदूर विरोधी नितियों के विरोध में कोयला उद्योग में कार्यरत श्रमिकों एवं उद्योगों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर बीसीसीएल के कोलियरी एवं क्षेत्रों में चरणवद्ध आन्दोलन करते हुये आज आन्दोलन के तीसरे चरण में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय कोयला भवन धनबाद के समक्ष धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के वैनर तले जोरदार धरना/प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुरारी तॉती एवं संचालन महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया। धरना में धनबाद के विधायक राज सिन्हा का भी अतिथि के रूप में आगमन हुआ। धरना के क्रम में संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बीसीसीएल के महाप्रबंधक प्रशासन को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल, अध्यक्ष कोल इंडिया, कोयला सचिव भारत सरकार, महानिदेशक डीजीएमएस एवं आयुक्त कोयला खान भविष्यनिधि के नाम 24 सुत्री ज्ञापन प्रेषित की गई। संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह आन्दोलन शुद्ध रूप से उद्योग एवं श्रमिक समस्याओं को लेकर है क्योंकि वर्तमान सरकार देश के कोयला मजदूरों के अस्तित्व को समाप्त कर देना चाह रही है, जिसे भारतीय मजदूर संघ ऐसा कभी नही होने देगा क्योंकि यह संघर्ष कोल मजदूरों के अस्तित्व का सवाल है। भा.म.संघ का मानना है कि मजदूर हित में आवश्यकता पडी. तो अनिश्चित कालींन हड़ताल करने के लिए भामसंघ पुरी तरह तैयार है ताकि कोयला के मजदूरों का भला हो सके क्योंकि भामसंघ किसी राजनीतिक पार्टी का विंग नही है। यह संगठन पुरी तरह से गैर राजनीति संगठन है। चाहे सरकार किसी का भी हो, यदि सरकार मजदूर हितों में निर्णय लेती है तो भारतीय मजदूर संघ स्वागत करता है, अन्यथा विरोध क्योंकि उपरोक्त समस्याओं को लेकर महासंघ द्वारा मौखिक चर्चा,आंदोलनात्मक कार्यक्रम के माध्यम से सरकार एवं कोल इण्डिया प्रबंधन का ध्यानाकर्षण कई बार कराने के बावजूद भी प्रबंधन टालमटोल की नीति अपना रही है फलस्वरूप कोल कामगारों में प्रबंधन के प्रति काफी रोष व्याप्त है।

**संक्षिप्त खबरें**

## झारखंड बांग्ला भाषा संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न



**धनबाद** : झरिया पोद्दार पाड़ा स्थित हरिबोल मंदिर परिसर में झारखंड बांग्ला भाषा-संस्कृति परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित थी। बैठक में पोद्दार पाड़ा के मूल निवासी धीवर समाज के द्वारा विगत 165 वर्षो से हरि कीर्तन के संबंध में चर्चा हुई। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा, झरिया के इस धीवर समाज के लोगो द्वारा 165 सालो से हरिबोल कीर्तन को में झारखंड सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार को भी प्रेरित करूंगी और गजट में सम्मिलित करने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा, मानभूम से चला आ रहा इस हरिबोल कीर्तन संस्कृति को उचित सम्मान देने का भरपूर कोशिश करूंगी। उन्होंने कीर्तनिया छोटे बच्चे को मेडल देकर सम्मानित किया। परिषद के अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने कहा, यहां के धीवर समाज लगातार देड शताब्दी से भी ज्यादा समय से हरि कीर्तन करते आ रहे है, जो एक मिशाल है और झारखंडी संस्कृति के धरोहर है। उन्होंने कहा, परिषद की और से झारखंड सरकार से मांग करते है की यहां के हरिबोल कीर्तन को उचित सरकारी सम्मान दिया जाय। परिषद के सचिव समीर गोस्वामी ने कहा, झारखंडी संस्कृति हरि कीर्तन यहां के समाज को मुख्य धारा से जोड़ता है। उन्होंने इस हरि कीर्तन को झारखंड सरकार कि गजट में सम्मिलित करने की मांग की। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को इस विषय पर परिषद की ओर से एक ज्ञापन दिया गया। मौके पर हरीबोल कीर्तनिया द्वारा मंदिर परिसर में हरिबोल सभा प्रस्तुत किया गया। परिषद के सचिव समीर गोस्वामी ने पुष्प स्तबक से विधायक का स्वागत किया। सहायक सचिव मिताली मुखर्जी ने साल देकर और अध्यक्ष अजय मुखर्जी ने परिषद का स्मृति चिन्ह देकर विधायक को सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता बिबिएमबि बलियापुर के प्राचार्य सिद्धार्थ बंधोपाधाय एवं मंच संचालन परिषद के लिगल एडवाइजर शुसंतो बनर्जी ने किया। सचिव समीर गोस्वामी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। हरि कीर्तन प्रस्तुति राजेश धीवर, होरिया धीवर, बिशु धीवर, विकाश धीवर, कनाई धीवर, पोल्टू धीवर आदि ने प्रस्तुत किया। मौके पर नयन दत्त, तपन धीवर, भोला धीवर, संदीप धीपर जितेन धीवर, शशांक शेखर ओझा, मेगनाथ धीवर एवं धीवर समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता वाहन आज अंगारपथरा पहुंचा



**धनबाद :** मतदाता जागरूकता वाहन से वीवीपैंट में लगे स्क्रीन पर 7 सेकंड तक प्रिंट पर्ची दिखती को लेकर मतदाताओं को जागृत किया गया। ईवीएम तथा वीवीपीएटी का प्रशिक्षण एव जागरूकता कार्यक्रम को लेकर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र जिला धनबाद की ओर से बाघमारा विधानसभा 43 के कतरास नगर निगम के वार्ड संख्या 5 में वाहन भ्रमण किया। वाटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवी पैंट आपके मत को सुनिश्चित एवं सुरक्षित करती है , विधानसभा आम निर्वाचन 2024 गांव गांव शहर शहर झारखंड में एक ही लहर चलो वोट दें के नारे के साथ बीवी पैंट में लगे स्क्रीन पर 7 सेकंड तक प्रिंट पर्ची दिखती है इसे जिस उम्मीदवार को अपने वोट दिया उनका क्रम संख्या नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। आंगनबाड़ी सेविका लोली देवी, विद्यावती देवी, सुशीला देवी, सेविका सह बीएलओ सुपरवाइजर मंजू पांडे, बीएलओ सुपरवाइजर पूनम शुक्ला, बीएलओ अर्चना देवी सहित बूथ नंबर 280, 282, 283, 269 के मतदाता मौजूद थे।

## ऑन स्पॉट वृद्धा, दिव्यांग पेंशन का हुआ वितरण



**धनबाद** : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार 30 सितंबर को चलंत लोक अदालत पुटकी स्थित पंचायत सचिवालय समसिकरा पहुंचा। मौके पर दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड का वितरण किया गया साथ ही जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया । समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। एलएडीसीएस के सहायक कांउसिल नीरज गोयल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । इस न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है ।और उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन रही है मौके पर समाधान का प्रयास कर रही है।

## आरपीएफ ने पुरुलिया की नाबालिग लड़की को किया रेस्क्यू



**बोकारो** : ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने बोकारो रेलवे स्टेशन से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत जयपुर निवासी 10 वर्षीय नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया। नाबालिग को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर वन से पकड़ा। आरपीएफ सब इंस्पेक्टर अरूणा उरांव, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुधांशु शेखर, मेरी सहेली टीम, सीपीडीएस तथा सीआईबी के सदस्य की सतर्कता से लड़की को रेस्क्यू किया जा सका। बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी। जब प्लेटफार्म नंबर एक पर उक्त बच्ची को टहलते हुए देखा गया। जब बच्ची से पूछताछ की गई तो। लड़की ने सारी कहानी सुना डाली। उसने बताया कि घरवालों के जानकारी के बिना ट्रेन में भटकने हुए, यहां पहुंची। आरपीएफ ने लड़की को रेलवे चाइल्ड लाइन को सौप दिया।

## एक नजर

### हाई कोर्ट से जेजेएमपी उग्रवादी को सशर्त जमानत

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट ने एके 47 हथियार के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के उग्रवादी शिवपूजन भूमिहार उर्फ शिवपूजन मुंडा को जमानत दे दी है। शिवपूजन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। शिवपूजन की ओर से अधिवक्ता तन्नु सिंह ने बहस की। शिवपूजन को गढ़वा जिले के रंका थाना से पिछले वर्ष गिरफ्तार किया गया था। हाई कोर्ट ने उसे इस शर्त पर जमानत दी है कि उसे ट्रायल कोर्ट में सभी तारीखों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

### हाई कोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को दो मामलों में राहत

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने सांसद के खिलाफ 28 अक्टूबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है, जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। दूसरा मामला लोकसभा चुनाव के दौरान झामुमो का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ा हुआ है।

### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**रांची:** गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को रांची नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी वधशालाओं को बंद रखने का निर्देश दिया है। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मांस, मछली और मुर्गा की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। गांधी जयंती को जो भी मांस, मछली और मुर्गा बिक्री करते हुए पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका

**रांची:** मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास रोक दिया। सैकड़ों की संख्या में अलग-अलग जिलों से आये आंदोलनकारी सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। मुख्यमंत्री आवास के पास सिटी एसपी, एसडीएम, एडीएम और कई डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद है। मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि झारखंड आंदोलनकारी की मान्यता के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजकीय मान-सम्मान के साथ अलग झारखंडी पहचान, बेटे-बेटियों को रोजी रोजगार व नियोजन के लिए शत-प्रतिशत अधिकार की गारंटी देने मांग की जा रही है। साथ ही आंदोलनकारियों के लिए सम्मान पेंशन राशि तथा प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी को 50-50 हजार की राशि दिये जाने की मांग को लेकर 30 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना-प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया था।

# पोषण केवल शारीरिक स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास का भी आधार : संतोष गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि पोषण केवल शारीरिक स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास का भी आधार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य केवल जागरुकता बढ़ाना तक ही नहीं है। इसे एक जन आंदोलन का रूप देना है। राज्यपाल ने कहा कि कुपोषण के खिलाफ इस सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हों कि हर व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं और बच्चे सही पोषण प्राप्त करें, ताकि एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके। राज्यपाल ने उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं, स्वयंसेवकों और संस्थाओं को बधाई दी, जिन्होंने ह्यराष्ट्रीय पोषण माह के दौरान जनमानस को



जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्यपाल सोमवार को रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 शौर्य सभागार में आयोजित 'सातवें राष्ट्रीय पोषण माह' के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे और हर मां को सही पोषण मिलना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र सरकार की पोषण योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का थीम-एनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी और एक पेड़ मां के नाम जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। साथ ही कहा कि इन विषयों के माध्यम से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने पोषण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया और कहा कि इस कार्य में आँगनबाड़ी कर्मियों की अहम भूमिका है। राज्यपाल ने लोगों से मोटा अनाज, साग-सब्जियां और सहजन जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ये न केवल पोषण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी बेहतर है। राज्यपाल ने लोगों से स्थानीय खाद्य पदार्थों को अपने आहार का हिस्सा बनाने और पोषण जागरुकता के प्रसार पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने विगत दिनों राज्य के विभिन्न जिलों के भ्रमण के क्रम में कई आंगनबाड़ी केंद्रों का अवलोकन किया और आंगनबाड़ी कार्यकताओं से संवाद भी किया। साथ ही बच्चों को सुलभ कराये जा रहे पोषण एवं शिक्षा सुविधा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कुपोषण के खिलाफ इस अभियान को एक सतत प्रक्रिया बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही कहा कि यह जागरुकता अभियान केवल एक माह तक सीमित न रहे, बल्कि निरंतर चलता रहे। राज्यपाल के जरिये समारोह में कई 'सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र' का उद्घाटन किया।

## शाखा-स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शाखा-स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता -2024 कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद, दक्षिण झारखंड प्रान्त, पूर्वी रिजन के रांची मध्य और रांची महानगर शाखा के संयुक्त तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, रांची में रविवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल, डॉ गोपाल पाठक एवं विशिष्ट अतिथि जटाशंकर चौधरी,पलामू के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त के द्वारा दीप प्रज्वलित और भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल विद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रशस्ती पत्र व शिक्षिकाएं को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए, हौसला बढ़ाया। साथ हीं कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए कार्यक्रम के ऑर्गेनाईज्ड कर रहे भारत विकास परिषद् के सदस्यों के साथ ई० गौरव पांडेय जी, व ग्रीस प्रसाद सिंह जी को धन्यवाद किया, तथा सभी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ गोपाल पाठक ने संबोधन के दौरान बच्चों से आग्रह किया कि सभी अपने भारतीय संस्कृति को अपनाए एवं माता-पिता का आदर करें ।

## जयंती पर याद किए गए योगावतार लाहिड़ी महाशय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** योगावतार लाहिड़ी महाशय की 196वीं जयंती का स्मरणोत्सव 30 सितंबर को योगदा आश्रम, रांची में हर्षोल्लास से भरे माहौल में मनाया गया। स्मरणोत्सव सुबह, स्वामी स्वरूपानंद द्वारा संचालित एक विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान के साथ आरंभ हुई, जिसमें पूरे भारत से भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक गुरु पूजा में उपस्थित भक्तों ने स्वामी अमरानंद और अन्य संन्यासियों द्वारा संचालित भजनों का आनंद लिया। भजन-संकीर्तन के बाद वहां उपस्थित भक्तों और संन्यासियों को प्रसाद वितरित किया गया। योगदा सत्संग परंपरा के परमगुरुओं में से एक, योगावतार लाहिड़ी महाशय, हिमालय के महान अमर योगी महावतार बाबाजी के शिष्य थे। महावतार



बाबाजी ने लाहिड़ी महाशय को क्रिया योग का प्राचीन लगभग-लुप्त विज्ञान बताया, तथा उन्हें सभी सच्चे साधकों को दीक्षा देने का निर्देश दिया। लाहिड़ी महाशय के जीवन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि उन्होंने हिंदू, मुस्लिम, और ईसाई सभी धर्मों के आध्यात्मिक साधकों को क्रिया दीक्षा दी। वे एक गृहस्थ-योगी थे, जो अपने सभी पारिवारिक दायित्वों और सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करते हुए भी भक्ति और ध्यान का संतुलित तथा संयमित जीवन व्यतीत करते थे। वह समाज के सांसारिक जीवन जी रहे हजारों पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने । उन्होंने समाज के पतित-दलितों के हृदयों मे आशा की नयी किरण जगायी। स्वयं सर्वोच्च ब्राह्मण जाति के होते हुए भी उन्होंने अपने समय की कट्टर जाति व्यवस्था को तोड़ने की दिशा में साहसिक कदम उठाये थे। इस विशेष दिन का उत्सव शाम को 3 घंटे के ध्यान के साथ समाप्त हुआ, जहाँ ब्रह्मचारी एकत्वानंद ने लाहिड़ी महाशय के कुछ उपाख्यानों और शिक्षाओं को पढ़ा।

## अभिषेक रवि की भुवनेश्वर में हुई संदेहास्पद मौत की उच्च स्तरीय जांच हो : शशांक राज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डोरंडा के रविदास मोहल्ला निवासी स्वर्गीय अभिषेक रवि के संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच को लेकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने ओड़िसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से स्वर्गीय अभिषेक रवि के परिजनों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने ओड़िसा के माननीय मुख्यमंत्री मोहन चंद्र मांझी से रांची एयरपोर्ट पर मुलाकात की। शशांक राज के साथ रांची डोरंडा रविदास मोहल्ला निवासी ओड़िसा, भुवनेश्वर के ITER इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र स्वर्गीय अभिषेक रवि के परिजन भी साथ थे।




अभिषेक रवि के पिता एवं माता ने ओड़िसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रांची के होनहार छात्र स्वर्गीय अभिषेक रवि की मृत्यु संदेहास्पद स्थिति में हुई है, कॉलेज प्रशासन इस मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है , अभिषेक की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो एवं न्याय मिल सके इसका आग्रह किया। मौके पर युवा मोर्चा प्रभारी विनय जयसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवीनाथ किशोर, लक्ष्मी पातरो, कृष्णा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म और हत्या मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने सोमवार को दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषी हेमंत सिंह मुंडा और धन सिंह मुंडा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 60 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं देने पर दोनों को चार साल अलग से साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। दोनों आरोपितों को कोर्ट ने गत शनिवार को दोषी ठहराया था। धनसिंह मुंडा घटना के बाद से ही 01 अगस्त, 2019 से लगातार जेल में है। घटना को लेकर तमाड़ थाना में 31 जुलाई, 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में छह गवाहों की गवाही दर्ज की गई थी। दोनों पर 18 फरवरी, 2020 को आरोप तय किया गया था। बाद में



कोरोना महामारी के कारण दो साल सुनवाई प्रभावित रही। इन दोनों पर 29 जुलाई, 2019 को 61 वर्ष की वृद्ध महिला से दुष्कर्म और हत्या का आरोप है। मामला तमाड़ थाना क्षेत्र के विजयगिरी सूरंकी डैम के पास की है। डैम के पास ही दोनों आरोपितों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इलाज के लिए ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई थी। वृद्ध महिला की पुत्री डैम की ओर खोजने निकली थी तो वह पाई कि वह जख्मी हालत में कराह रही है। इसी समय वृद्ध महिला ने दोनों आरोपितों का नाम पुत्री को बताया था।

## जनसंपर्क माध्यमों से आर्ट-81 कार्यक्रम का करें प्रचार : सीईओ



### कला महोत्सव के विविध कार्यक्रम

- राष्ट्र एवं राज्य स्तर के कलाकार कार्यक्रम स्थल पर चित्रकारी का प्रदर्शन करेंगे।
- नए वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों-जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का होगा आयोजन।
- झारखंड की कलाकृति-संस्कृति की मिलेगी झलक।
- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टॉल की व्यवस्था रहेगी।
- आरजे एवं डीजे के जरिए कार्यक्रम का संचालन होगा।
- स्थानीय फूड स्टॉल में लजीज व्यंजनों की उपलब्धता रहेगी।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि झारखण्ड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए आर्ट-81 कार्यक्रम का आयोजन 18-19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में होगा। कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखण्ड की कलाकृति, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वे आज निर्वाचन सदन में आर्ट-81 कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए जिले एवं मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो दिवसीय कला महोत्सव का जनसंपर्क के विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं के बीच वृहत प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का संपूर्ण तैयारी ससमय कर लें। साथ ही पदाधिकारी इस ओर भी तैयारी कर लें की अन्य राज्यों से आने वाले कलाकारों या कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए कार्यक्रम में उचित व्यवस्था सुनिश्चित हो।

**क्या है आर्ट-81**

आर्ट 81 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत आयोजित दो दिवसीय कला महोत्सव है, जिसका आयोजन 18 एवं 19 अक्टूबर को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में होगा। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ. नेहा अरोड़ा, प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्रा, उपायुक्त राहुल कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित रांची जिला एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी तथा प्रख्यात चित्रकार प्रवीण कर्मकार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुमंडल स्तरीय समिति के जरिये तैयार डीएसआर का किया गया अनुमोदन



**रांची:** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को पत्थर लघु खनिज के बाबत अनुमंडल स्तरीय समिति की ओर से तैयार किये गये डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट के अनुमोदन के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी के जरिये बताया गया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के आलोक में अनुमण्डल स्तरीय समिति की ओर से रांची जिला के पत्थर लघु खनिज के ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट को 12 जून को जिला के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड किया गया। 21 दिनों की अवधि के बाद आम जनता से आपत्ति और सुझाव के बाद ड्राफ्ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) को संशोधित भी किया गया। विचार-विमर्श के बाद अनुमण्डल स्तरीय समिति की ओर से तैयार किये गये डीएसआर का अनुमोदन किया गया।

### दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान न्यूनतम सुविधाएं उपलबध रहें : सीईओ



**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के क्रम में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जैसे मतदान केंद्रों तक रैम्प, व्हीलचेयर, शौचालय, आवश्यकता अनुसार वालंटियर की व्यवस्था करने के लिए पूर्व से ही कार्ययोजना तैयार करते हुए इनके अनुपालन की व्यवस्था करनी है। वे सोमवार को राज्य स्तरीय ॽस्टीयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शनॽ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ ही उनके मतदान प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए पदाधिकारी कार्ययोजना सुनिश्चित कर लें। कुमार ने कहा कि मतदाताओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर से प्रशिक्षण वीडियो बना लें। साथ ही सक्षम ऐप के बारे में भी वृहत प्रचार प्रसार के माध्यम से सभी दिव्यांगों के बीच इसकी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में रैंप की मरम्मती करा लें साथ ही शौचालय, रनिंग वाटर एवं बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित कर लें। कुमार ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के मतदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर करते हुए उनके शत-प्रतिशत मतदान के प्रति उन्हें सजग करें। वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं उन्हें चिह्नित करें एवं मतदान के दौरान उनके होम वोटिंग की भी व्यवस्था करें। साथ ही सक्षम दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर मतदान के लिए प्रेरित भी करें। बैठक में राज्य निशक्तता आयुक्त, निदेशक उच्च शिक्षा, राज्य परियोजना निदेशक जेईपीसी, निदेशक सामाजिक कल्याण, अपर सचिव भवन निर्माण विभाग, प्रतिनिधि नेहरू युवा केंद्र रांची, झारखंड पीडब्ल्यूडी आइकन गोपिका आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रिश्वत मामले में राजस्व कर्मचारी को पांच साल कारावास की सजा





**रांची:** रिश्वत लेने के दोषी नामकुम अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी संजय साव को एसीबी की अदालत ने कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने सोमवार को दोषी संजय साव को पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं उस पर 45 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे अतिरिक्त नौ महीने की सजा काटनी होगी। अदालत ने गत 25 सितंबर को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाकर जेल भेज दिया था। उस पर दाखिल खारिज करने के एवज में सूचक से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उसे रिश्वत की राशि के साथ 24 जुलाई, 2010 को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन डीसी ने गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

### महिलाओं की सुरक्षा को गंभीरता से लेना होगा : हाई कोर्ट



**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। हाई कोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा।


# गांधी के रास्ते पर चलने वाली पांच शख्सियतें



आर.के. सिन्हा

बेशक, ये सब महान शख्सियतें गांधी जी के विचारों को देश-दुनिया में लेकर जा रही हैं। देश-दुनिया में इनके जैसे अनगिनत गांधी वादी सक्रिय हैं। इनमें हमें गांधी जी के दर्शन होते हैं।

हम भारतीय चाहें जितना भी गर्व कर सकते हैं कि महात्मा गांधी जैसी पवित्र शख्सियत का संबंध भारत से है। हालांकि , उनके प्रति सम्मान और आदर का भाव तो सारी दुनिया ही रखती है। वे अपने जीवनकाल और उसके बाद भी करोड़ों लोगों को अपने सत्य और अहिंसा के विचारों से प्रभावित करते हैं। अब भी सारी दुनिया में अनगिनत लोग गांधी जी को ही अपना आदर्श मानते हैं। इसी तरह से न जाने कितने लोग गांधी जी के रास्ते पर चलते हुए अपने - अपने ढंग से संसार को बेहतर बनाने की कोशिशें कर रहे हैं। उनमें भी अब गांधी जी की छवि दिखाई देती है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। आप चाहें तो 88 साल की कात्सू सान को देश की सबसे खास गांधीवादी व्यक्तित्वों में एक मान सकते हैं। कात्सू सान राजघाट पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ती हैं। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। वह गुजरे 60 वर्षों से भी ज्यादा सालों से गांधी जी को पढ़ रही हैं और दुनिया को उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दे रही हैं। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वह 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थीं , ताकि ; उन्हें वे और गहराई से जान लें। एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से ऐसा साक्षात्कार हो गया कि उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। उनमें आप अपनी मां के चेहरे को देख सकते हैं। भारत को लेकर उनकी दिलचस्पी भगवान बौद्ध के चलते ही बढ़ी थी। पर अब तो उन्हें भारत ही अपना देश लगता है। वह कहती हैं कि भारत के कण-कण में पवित्रता है। भारत ही वास्तव में संसार का आध्यात्मिक विश्व गुरु है। भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर वो कहती हैं कि मुझे तो दुनिया में कोई अन्य देश मिला ही नहीं , जहां पर सरकारी कार्यक्रमों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित होती हो। भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ पर सभी धर्मों का बराबरी का सम्मान मिलता है। कात्सू सान के मुताबिक भगवान बुद्ध और गांधी जी दोनों ही के रास्ते आपको एक दिशा में ही लेकर जाते हैं। इसीलिये ये दोनों सदैव प्रासंगिक रहने वाले हैं। दोनों का जीवन पीड़ा को कम करने और समाज से अन्याय को दूर करने के लिए ही समर्पित रहा था।



इसी प्रकार , गांधी जी की दर्जनों मूर्तियां बनाने वाले महान मूर्ति शिल्पकार राम सुतार जी बचपन से ही गांधी के रास्ते पर चलने लगे थे।वे जब गांधी जी की किसी प्रतिमा को शक्ल दे रहे होते हैं,तो उन्हें लगता है मानो वे गांधी से संवाद कर रहे हों। उन्हें गांधी जी की प्रतिमाओं पर काम करते हुए अपार आनंद मिलता है। संसद भवन के प्रांगण में लगी उनकी बनाई गांधी जी की मूर्ति तो बेजोड़ है। इसमें बापू ध्यान की मुद्रा में हैं। यह असाधारण मूर्ति 17 फीट ऊंची है। उनकी कृतियां मुंह से बोलती हैं। उन्होंने ही पटना के गांधी मैदान में स्थापित बापू की मूर्ति को भी तैयार किया था।

इसी तरह ब्रदर सोलोमन जॉर्ज भी पक्के गांधीवादी हैं। वे गांधी जी को ही अपना मार्गदर्शक मानते हैं। उन्हें गांधी जी इसलिए भी अपने लगते हैं क्योंकि वह 12 मार्च 1915 को अपनी पहली राजधानी यात्रा के दौरान सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे थे। देश के कई शहरों में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी से जुड़े हुए हैं ब्रदर सोलोमन। इसी संस्था ने सेंट स्टीफंस कॉलेज स्थापित किया था। ब्रदर सोलोमन बताते हैं कि गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में ईसाई मिशनरी जोसेफ डोक से भी मिले थे , जिन्होंने उनकी पहली जीवनी लिखी। वहां ही उनकी दीनबंधु सीएफ एंड्रयूज से भी उनकी मुलाकात हुई। उन्हें लगता है कि गांधी जी विश्व भर में शांति के सबसे बड़े प्रेरक हुए हैं , जिन्हें दुनिया ने बुद्ध और ईसा मसीह के बाद देखा है। गांधी जी आज के दौर में भी उतने ही प्रासंगिक हैं , जितने कि वे अपने जीवन काल में थे। ब्रदर सोलोमन की पसंदीदा गांधीवादी शिक्षाओं में से एक है, 'अगर कोई दुश्मन आपके बाएं गाल पर वार करे, तो उसे अपना दायां गाल दे दो।'

आपको डॉ. विनय अग्रवाल में भी गांधी जी की छाया नजर आती है। पेशे से मेडिसिन के क्षेत्र से जुड़े हुए डॉ. अग्रवाल अपने स्तर पर लगातार वाल्मीकि समाज के नौजवानों को रोजगार और उन्हें शिक्षित करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्हें दलितों के हक में गांधी जी के किए काम प्रभावित करते हैं। गांधी जी ने मंदिरों में दलितों के प्रवेश के लिए आंदोलनों का समर्थन किया। डॉ. अग्रवाल का बचपन राजधानी के कृष्णा नगर में बीता। उस दौरान उन्होंने वाल्मीकि समाज की बदहाली को अपनी आंखों से देखा। उसके बाद वे जब सक्षम हुए तो उन्होंने वाल्मीकि समाज के लिए ठोस काम करने शुरू किये। इसकी प्रेरणा उन्हें गांधी जी से ही मिली। वे कहते हैं कि गांधी की आत्मकथा पढ़ने वाले भलीभांति जानते है कि वे बचपन से ही अस्पृश्यता को नहीं मानते थे।

अब 62 वर्षीय कृष्णा विद्यार्थी को ही लें। वे राजधानी के पंचकुइयां रोड पर स्थित वाल्मीकि मंदिर के काम-काज को देखते हैं। वाल्मीकि मंदिर और गांधी जी का गहरा संबंध रहा है।वे इसी मंदिर परिसर के एक साधारण से कमरे में 1 अप्रैल 1946 से लेकर 10 जून 1947 तक रहे। कृष्ण विद्यार्थी बीते चालीस सालों से उस कमरे को रोज सुबह साफ- स्वच्छ करते हैं, जिसमें गांधी जी रहते थे। वाल्मीकि समाज से रिश्ता रखने वाले कृष्ण विद्यार्थी कहते हैं कि गांधी जी वाल्मीकि समाज की दशा को सुधारने के लिए जीवन पर्यंत सक्रिय रहे। गांधी जी ने वाल्मीकि परिवारों के बच्चों को यहां पढ़ाया भी। उन्हें इस बात का अफसोस है कि जब गांधी जी 7 सितंबर, 1947 को अंतिम बार दिल्ली आए तो उन्हें वाल्मीकि बस्ती की बजाय बिड़ला हाउस में लेकर जाया गया। तब कहा गया कि वाल्मीकि बस्ती में उनके लिए असुरक्षित है। पर जो जगह कहने को सुरक्षित थी, वहां पर ही उन्हें मार डाला गया। कृष्ण विद्यार्थी के नेतृत्व में यहां पर हरेक 2 अक्तूबर और 30 जनवरी को सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित होती है। वे खुद गांधी जी के विचारों के प्रसार-प्रचार के लिए देश के कोने-कोने में जाते रहते हैं।

बेशक, ये सब महान शख्सियतें गांधी जी के विचारों को देश-दुनिया में लेकर जा रही हैं। देश-दुनिया में इनके जैसे अनगिनत गांधी वादी सक्रिय हैं। इनमें हमें गांधी जी के दर्शन होते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# आतंक का खात्मा

इस्राइली सेना के बेरुत के दहियेह पर हवाई हमला करके चरमपंथी समूह हिज्बुल्लाह के चीफ हसन नसरुल्लाह (64) को मार गिराने के दावे की पुष्टि हिज्बुल्लाह ने कर दी है। इस्राइल और हिज्बुल्लाह के संघर्ष में संगठन के सबसे ताकतवर नेता की मौत से यकीनन हिज्बुल्लाह को बड़ा झटका लगा है। तीन दशक से ज्यादा समय से वह हिज्बुल्लाह का नेतृत्व कर रहा था। अपने लेबनानी शिया अनुयायियों के आदर्श और अरब तथा इस्लामी जगत के लाखों लोगों के बीच सम्मानित नसरुोल्लाह को सैयद की उपाधि दी गई थी। इस्राइल के 'चीफ ऑफ स्टाफ' लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा है कि नसरुोल्लाह का खात्मा अंत नहीं है। मतलब यह कि इस्राइल की तरफ से अभी और भी भीषण हमले होने हैं। उधर, हिज्बुल्लाह भी अपने चीफ की मौत के बाद ज्यादा आक्रामकता से प्रति हमले करेगा। शनिवार को उसकी तरफसे इस्राइल की तरफ दर्जनों रॉकेट दागे गए। इस्राइली हमलों से दक्षिणी बेरुत के उपनगरों और पूर्वी लेबनान में धुएं का गुब्बार छाया गया। शहर में विस्थापितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थलों पर लोगों की भीड़. उमड़. आई। अनेक लोग चौराहों, समुद्र तटों या अपनी कारों में सोए। राजधानी के ऊपर पहाड़ों की ओर जाने वाली सड़कों पर सैकड़ों लोग पैदल ही पलायन करते देखे गए। पलायन कर रहे लोगों की गोद में बच्चे और हाथों में जरूरी सामान थे। लेबनान की राजधानी में मौजूदा संघर्ष के पूर्ण युद्ध में बदलने की प्रबल आशंका है। इसी हफ्ते लेबनान पर हमलों में सात सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और यह संख्या और भी बढ़ सकती है क्योंकि मलबे में तब्दील हो चुकी अनेक इमारतों में हताहतों की तलाश की जा रही है। ईरान की तरफ से भी अब ज्यादा खतरा पैदा हो गया है क्योंकि जिस हवाई हमले में नसरुोल्लाह मारा गया है, उसी हमले में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित ईरान के अर्धसैनिक संगठन रिवॉल्यूशनरी गार्ड. के प्रमुख जनरल अब्बास निलफोरुोशान की भी मौत हो गई। यह ईरान के लिए नवीनतम क्षति है। ईरान ने एहतियातन अपने सर्वोच्च नेता खामेनेई को सुरक्षित स्थान पहुंचा दिया है। कहना होगा कि लेबनान के मौजूदा घटनाक्रम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विराम की कोशिशों पर विराम लग गया है। जिस प्रकार से इस्राइल ने लगातार इमारतों को निशाना बनाने की वक्ती रणनीति अपनाई है, उससे लगता नहीं है कि वह तनिक भी थमना चाहेगा। संघर्ष के और भीषण टकराव और पूर्ण युद्ध में तब्दील होने की आशंका है।

## चिंतन-मनन

# व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है।


हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है। उन्हें बदलने की जरूरत नहीं है, किंतु देशकाल सापेक्ष स्थितियों का देशकाल के बदलने के साथ न बदलना असफलता का मुख्य हेतु है। परिवर्तन के विषय में युवकों का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट होना चाहिए। बदलना अपने आप में कोई उद्देश्य नहीं है और नहीं बदलना कोई सार्थकता नहीं है। बदलने की स्थिति होने पर बदलना विकास की अनिवार्य प्रक्रिया है।

# ढलती सांझें नारकीय जीवन जीने को मजबूर?



नरेन्द्र भारती

बेशक एक अक्तूबर 2024 को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जातें हैं बाकि 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता वृद्धों कें नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं। बुजुर्ग ढलती साझें है।ढलती साझें आज नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।वृद्धों को आश्रमों में भेजा जा रहा है।बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोषण किया आज वही बेटे उन्हे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बुजुर्गो का तिरस्कार,एक खौफनाक त्रासदी है।आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते है।कहते है बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं।बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते है मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दुसरों पर मोहताज हैं।बुजुर्गो ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को मंहगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खडा.किया आज उन्ही के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गडा रहे है।मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की मगर आज वही चिराग माता -पिता के दुश्मन बन गए हैं बुजुर्ग परिवार का स्तम्भ होते हैं। आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोषण के लिए कानून बनाए हैं मगर वे फाईलो की धूल चाट रहे हैं नजीजन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं। लेकिन एक दिन उन्हे भी बुढापा आयेगा तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। आज बुजुर्गो को स्टोर रुम में रखा जाता है मगर एक दिन स्टोर रुम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है जब तुम्हे भी ऐसा ही नसीब होगा।क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। अक्सर देखा गया है कि अधिकांश लोग वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं क्योंकि जब यह लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता हैं। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे ह। बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बने हमें घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योंकिं बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं।विडम्बना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा है उन्हे महिनों में बांटा गया है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महिने दूसरे बेटे के घर खाना है।जिन मां बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया आंच तक नहीं आने दी कांटा तक चुभने नहीं दिया आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं।ऐसी परिस्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं।बुजुर्गों के साथ बेंटो द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं।मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक है जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिन्दगी दे रहे है।लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है। समय बहुत बलवान होता है एक दिन सजा जरुर मिलेगी।गरीब लोग तो माता -पिता व बुजुर्गो की अच्छी सेवा करते है मगर साधन संपन्न लोगो द्वारा आज बुजुर्गो को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। आज वृद्धो को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं। लेकिन दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोडते थे आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उडाते हैं।कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं वे गुमनामी के अन्धेरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं।सरकारों ने बुजुर्गों को पैशन की सुविधा दी है पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है।सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिए ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके।सरकार व प्रशासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालो को दंडित किया जाए।दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप एक ही बार मिलते है।जब तक बुजुर्गो को उनका सम्मान नहीं मिलेगा ऐसे वृद्ध दिवसों की कोई सार्थकता नहीं होगी। (वरिष्ठ पत्रकार )



# क्वाड़: भारत को हासिल क्या



गिरीश चंद्र पाण्ड़े

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 21-23 सितम्बर, 2024 की तीन दिनी अमेरिका यात्रा कई मायनों में महत्त्वपूर्ण रही। उनकी यह यात्रा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने और वैश्विक व क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान के वास्ते क्वाड के अन्य सदस्य देशों यानी अमेरिका, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के साथ ही यूक्रेन और गाजा में संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने और ग्लोबल साउथ की चिंताओं को दूर करने पर भी केंद्रित थी।

जहां तक विलमिंगटन डेलावेयर में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा 21 सितम्बर, 2024 को आयोजित क्वाडिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग 'क्वाड' लीडर्स शिखर सम्मेलन में प्राप्त भारत की उपलब्धियों का प्रश्न हैह्न तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस मंच से अप्रत्यक्ष तौर पर चीन को संदेश देते हुए कहा कि हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं, और भारत विस्तारवाद के स्थान पर विकासवाद का समर्थक है। जब प्रधानमंत्री ने कहा कि आज समुद्र और आसमान, दोनों सुरक्षित नहीं हैं, तो उनका संकेत चीन की तरफ था क्योंकि दक्षिण चीन सागर पर चीन इसलिए कब्जे का प्रयास कर रहा है कि उसमें उसके देश का नाम शामिल है। ऐसे बेहूदे तर्कों के आधार पर जब कोई देश अंतरराष्ट्रीय कानूनों का माखौल उड़ाता हैह्न तो स्वयं तो उपहास का पात्र बनता ही हैह्न साथ में पूरी दुनिया को भी संकट में डालता है। मोदी की यात्रा ने भारत को 14 सदस्यों वाले हिन्द-प्रशांत आर्थिक समृद्धि ढांचे (आईपीईएफ) को और नजदीक लाने में भी सहायता की है। यह पहल क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2022 में शुरू की थी।

क्वाड-अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया तथा जापान-चार देशों का चौगुट है, जो हिन्द-प्रशांत के भीतर मौजूद समस्याओं से निपटने और क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता और विस्तारवादी नीति पर लगाम लगाने के लिए बना है। इसीलिए चीन इस संगठन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करता रहता है। आज जबकि कई वैश्विक मंचों की अहमियत नहीं रह गई है, ऐसे में क्वाड लीडर्स के सम्मेलन में क्वाड के प्रति मोदी की प्रतिबद्धता और कहना कि यह संस्था बनी रहेगी, सदस्य देशों के बीच आपसी साझेदारी होगी तथा तालमेल भी बना रहेगा तो निश्चित ही पर चीन को नागवार ही गुजरेगा। क्वाड के चारों नेताओं की बातचीत के बाद विलमिंग्टन घोषणापत्र जारी किया गया। इसमें वैश्विक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुरक्षा, कृषि शोध, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचा, इंडो-पैसिफिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, महत्त्वपूर्ण और उभरती तकनीक, तटरक्षक सहयोग, अंडरसी केबल और डिजिटल कनेक्टिविटी, इंडो-पैसिफिक में प्रशिक्षण के लिए समुद्री पहल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आदि पर भी अपने भावी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। निश्चित तौर पर ये सभी पहलकदमियां क्वाड सहयोग की बढ़ती सार्वभौमिक प्रकृति को रेखांकित करती हैं। क्वाड नेताओं ने 'इंडो-पैसिफिक में प्रशिक्षण के लिए समुद्री पहल की घोषणा की ताकि क्षेत्रीय साझेदारों को इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस और अन्य क्वाड पहलों के उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद मिल सके ताकि सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जा सके और नागरिक समुद्री सहयोग में समुद्री सुरक्षा को लेकर सुधार किया जा सके, अपने जल की निगरानी और सुरक्षा की जा सके, अपने कानूनों को लागू किया जा सके और गैर-कानूनी व्यवहार को रोका जा सके। इस प्रकार क्वाड में भारत की भागीदारी जहां चीन के विस्तारवादी मंसूबों पर लगाम लगा रही है, वहीं एक्ट ईस्ट पॉलिसी और पूर्वी एशियाई देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने में भी मददगार साबित हो रही है। अमेरिका, भारत, जापान तथा ऑस्ट्रेलिया ट्रीटी के अलायंस पार्टनर्स हैं, लेकिन भारत की दिलचस्पी औपचारिक अलायंस में नहीं रही है। इसके बावजूद क्वाड हिन्द-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और सबके लिए खुला बनाए रखने और इस क्षेत्र के लिए समावेशी रूप के साझा लक्ष्यों को लेकर जिस प्रकार आगे बढ़ रहा है, और चार वर्ष पहले बने इस संगठन ने अब तक जिस प्रकार से सफलतापूर्वक छह शिखर सम्मेलन आयोजित कर लिए हैं, उससे इस संगठन की प्रासंगिकता निकट भविष्य में और बढ़ेगी और दक्षिण प्रशांत, हिन्द महासागर और दक्षिण पूर्व एशिया में चीन की हरकतों से परेशान देश भी इसमें जुड़ते जाएंगे। गौरतलब है कि भारत जहां 2025 में 7वें क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा वहीं अमेरिका 2025 में विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा।



# सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का किया था वादा, मिला सिर्फ धोखा : मोहन यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** झारखंड की उप राजधानी दुमका में सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य की जनता से कहा कि अब इस सरकार को न सहना है और न कुछ कहना है। बस इसे बदलकर रहना है। क्योंकि, राज्य में जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने लूट मचा रखी है। यह सरकार केवल चुनाव जीतने के लिए वोट मांगती है और जनता से झूठ बोलती है। हेमंत सरकार ने 2019 के चुनाव में जो वादे किए थे, उनमें से कितने वादे पूरे हुए हैं? उन्होंने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, क्या किसी को नौकरी मिली? भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा वैद्यनाथ की पूजा करके आया हूं कि राज्य की इस पाप करने वाली हेमंत सरकार का अंत होना चाहिए। राज्य की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की गठबंधन सरकार ने झारखंड को लोगों के साथ अन्याय किया है। हेमंत सरकार जितना झूठ बोल सकती थी, उतना झूठ बोलकर आगे बढ़ती गई। यादव ने कहा कि आदिवासियों को प्रोत्साहित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अहम योगदान रहा है। देश में पहली बार किसी आदिवासी महिला को देश का सर्वोच्च पद देकर राष्ट्रपति बनाने का कार्य मोदी ने किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस राज्य में बाबा बैद्यनाथ की कृपा और भाजपा के कारण एक समृद्ध भविष्य छिपा हुआ है। यहां की महिलाओं, मजदूरों और युवाओं में मेहनत और लगन की अपार क्षमता है लेकिन झारखंड आज अपने नंबर वन स्थान को खोकर सबसे नीचे आ गया है। इसका कारण हेमंत सरकार की नाकामी है। यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लाखों-करोड़ों का घोटाला हुआ है। अब कोई कुछ कहे या न कहे लेकिन बदलाव होकर रहेगा, जिसने घपला किया है, उसे जेल जाना पड़ेगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की जनता की भावनाओं को आहत किया है और इसके लिए जनता गठबंधन सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। हेमंत सरकार के दौरान 300 करोड़ का भूमि घोटाला और 100 करोड़ का खनिज घोटाला हुआ। गठबंधन सरकार के एक नेता के घर से अवैध राशि मिलने पर सीएम यादव ने सवाल उठाते हुए कहा, किस सांसद के घर से 300 करोड़ मिले थे? ऐसे नेताओं को डूब मरना चाहिए जब उनके नौकर के घर से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। यादव ने कहा कि सीमा पर जवान और खेत में किसान, मोदी ने जो कहा था, उसे पूरे देश और दुनिया में करके दिखाया है। इस बार झारखंड में यदि सरकार बनेगी, तो सिर्फ भाजपा की बनेगी। परिवर्तन यात्रा में आई परेशानियों पर सीएम यादव ने कहा, पूरी यात्रा के दौरान बारिश होती रही, फिर भी हमारे मतदाताओं का विश्वास कम नहीं हुआ। भाजपा हर कार्यकर्ता का ध्यान रखती है। यदि मुझ जैसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बदौलत मिला। यादव ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा, झारखंड में लगातार खतरा बढ़ रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है जबकि आदिवासियों की संख्या घट रही है। ऐसे में आने वाले समय में हम एक-एक घर जाकर अपना वोट और संकल्प सुनाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की, इस बार झारखंड में रोजगार, विकास और बदलाव के लिए संकल्प लेना जरूरी है कि हम किसी भी हालत में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को बदलकर रहेंगे।



## एक नजर

### राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अनगड़ा :** भारत विकास परिषद् की ओर से राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी स्कूल, बरियातू में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति के महात्म्य पर जोर देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों से इसे अपनाने की बात कही। उन्होंने व्यक्ति और समाज के संदर्भ में भारतीयता की विशेषताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### सरला बिरला में जीएनएम और एएनएम के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची में आज नर्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन चुनाव के साथ ही वर्ष 2021 बैच के जीएनएम और 2024 बैच के एएनएम विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उप प्राचार्या मीनल श्वेता समेत संस्थान के अन्यान्य शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद माननीय डॉ प्रदीप वर्मा, प्रभारी कुलपति माननीय श्रीधर डांडीन ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन एसएनए सलाहकार निक्की कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशु कुमारी एवं विष्णु प्रिया द्वारा किया गया।

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा जांच, स्वच्छता और गुणवत्ता पर जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** दुर्गा पूजा के मध्य नजर सोमवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कई मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच अभियान चला कर किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के द्वारा चैनपुर के विभिन्न प्रतिष्ठान में जांच करते हुए खाद्य पदार्थों का सैंपल संग्रह किया गया। जांच के क्रम में उन्होंने प्रतिष्ठान में स्वच्छता और सफाई रखने का निर्देश दिया खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाईयो की मांग बढ़ जाती है जिससे बाजार में नकली व कम गुणवत्ता वाले भोज्य पदार्थ को बढ़ाने की संभावना प्रबल हो जाती है। इसी के मध्य नजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाकर इस प्रकार के स्वास्थ्य से खेलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सूरज होटल से रसगुल्ला का सैंपल लेकर रांची लेब भेजा है। जिसके बाद फैमिली रेस्टोरेंट, धाना होटल , राजू होटल में साफ सफाई नहीं के कारण सुधार हेतु निदेशित किया गया और त्योहार के समय में किसी प्रकार का मिलावट नहीं करने का निर्देश दिया गया। वही धाना होटल व राजू होटल में डुप्लीकेट कलर का इस्तेमाल कर जलेबी बनाया जा रहा था जिसे नाली में फेंकवाया गया साथ ही साथ निर्देश दिया गया कि मिलावटी सामान और डुप्लीकेट कलर का इस्तेमाल न करें वही। उन्होंने बताया की इसके अलावा अन्य होटलों में भी छापे मारी अभियान चलाया जाएगा। वही जिला परामर्शी तम्बाकू निषेधिकाई वंदना होरो के द्वारा बस स्टैंड स्थित एक दुकान से जांच कर कोटपा के तहत फाइन लगाया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता खाद्य सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवम सूरज कुमार उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कनेक्टेक-यूईएम में मारी बाजी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची में आयोजित कनेक्टेक- यूईएम तकनीकी बोनांजा 2024 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के 'पाइथागोरस स्टार' प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के निश्चय रतन ने पहला स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। कक्षा दसवीं के ही अमन राज ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता, जबकि कक्षा दसवीं के श्रीहर्ष दास को प्रथम प्रशंसा पुरस्कार मिला। पाइथागोरस प्रो प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं की जाह्नवी सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये का नगद पुरस्कार जीता और कक्षा बारहवीं के सक्षम गोयल ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 4000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि जीती। 'क्यूरियोसिटी' क्विज प्रतियोगिता में वैष्णव सिंह कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 3000 रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय को ओवर ऑल दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की इस अद्वितीय सफलता पर टीम को बधाई दी और उनके रचनात्मक कौशल की सराहना की ।

# आंगनबाड़ी केंद्र में 7वां पोषण माह का किया गया समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बरवेनगर पंचायत के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बरवेनगर में 7वां राष्ट्रीय पोषण माह (1-30 सितंबर 2024) का समापन किया गया। साथ ही जैप सभागार रांची में सातवीं राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का समापन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार और विशिष्ट अतिथि अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई थी। जिसका लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र बरवेनगर में बच्चों, गर्भवती माता, धात्री माता के बीच दिखलाया गया। कार्यक्रम में पोषण माह से संबंधित कई कार्यक्रम जैसे अन्नप्राशन गोद भराई आओ तोड़े कुपोषण चक्र से संबंधित लघु फिल्म सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन राज्य द्वारा कुपोषण मिटाने के क्रम में अच्छे कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा था उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखलाया गया। जिसे देखने में बच्चों ने काफी उत्साह दिखाया साथ ही बरवे नगर की पंचायत की सभी सेविका सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बरवेनगर को बहुत ही अच्छे तरीके से सजाई हुई थी और बच्चे भी काफी साफ सुथरा और अनुशासन में नजर आ रहे थे। वही महिला पर्यवेक्षिका अंजली वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार पोषण विषय पर निरंतर अच्छा कार्य कर रही है और झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प को साकार करने का प्रयास कर रही है।

# सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव कुंवर राम मोची को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में उपस्थित पदाधिकारी व सहकर्मियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। मौके पर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि सरकारी कर्मियों को जिस दिन सरकारी सेवा के लिए पदभार मिलता है उसी दिन सेवानिवृत्ति का दिन भी तय हो जाता है। कुंवर राम मोची एक कर्मठ, ईमानदार व्यक्तित्व के कर्मी रहे हैं। इनसे हमलोगों को काफी कुछ सीखने को मिला. इस अवसर पर कुंवर राम मोची को माला पहना कर सम्मानित किया गया। अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने कहा की कुँवर राम मोची जी की विदाई से हमें बहुत दुख हुआ है लेकिन हमें उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। वे एक ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रखंड के विकास के लिए बहुत काम किया। मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा की कुँवर राम मोची जी ने प्रखंड के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी विदाई से हमें बहुत दुख हुआ है लेकिन हमें उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। वे एक ऐसे अधिकारी थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रखंड के लोगों के लिए बहुत काम किया। वही उपस्थित सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी ने पंचायत सचिव के कार्यों की सराहना की। कहा कि इनके रहते पंचायत का कार्य सुचारू ढंग से चला। पंचायत के ग्रामीण खुश थे। वही पंचायत सचिव कुंवर राम मोची ने सहयोग के लिए सभी को बधाई दिया।

# चुनाव नजदीक देख हेमंत सरकार जनता को लुभा रही : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** दुमका में आयोजित परिवर्तन सभा में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव बहुत करीब है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हर दिन नई-नई घोषणाएं कर रही है लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्होंने क्या किया, यह सबको पता है। राज्य की जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार पिछले पांच वर्षों में सिर्फ कमाई और जनता को लूटने में लगी रही। अब राज्य सरकार योजनाओं की सौगात दे रही है लेकिन जो जमीन उन्होंने लूटी थी, उसी का पैसा बांटा जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन आज हर जगह घूम रहे हैं। अखबारों में उनकी तस्वीरें छप रही हैं और टेलीविजन पर वे नजर आ रहे हैं। आगामी चुनाव के बदलाव पर उन्होंने कहा, बस एक-दो महीने में चुनाव हो जाएगा। चुनाव नजदीक है। इसलिए हेमंत सोरेन की सरकार जनता को लुभाने की कोशिश कर रही है लेकिन क्या उन्होंने पिछले वादों को पूरा किया? हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर महीने 2000 रुपये चूल्हा खर्च देंगे और लड़कियों की शादी में सोने का सिक्का देंगे लेकिन कुछ नहीं दिया। बच्चियों को चांदी का सिक्का तक नहीं मिला। उन्होंने विधवाओं और दिव्यांगों को 2500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था लेकिन इस सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, विधवाओं, बुजुर्गों और गरीबों को धोखा दिया है। मरांडी ने कहा कि जेएमएम ने नौजवानों से वादा किया था कि 5 लाख नौकरियां देंगे और कसम खाई थी कि यदि नौकरी नहीं दी, तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे लेकिन पांच सालों में युवाओं को नौकरी तो नहीं मिली, बल्कि उत्पाद सिपाही बहाली में दौड़ाते-दौड़ाते मौत जरूर हो गई। परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों पर भी उन्होंने हेमंत सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि पेपर लीक करवाया गया। आज राज्य के युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं लेकिन इस सरकार को उनकी कोई चिंता नहीं है। मरांडी ने कहा कि झारखंड के नौजवानों के भविष्य के लिए यदि जेल भी जाना पड़ा, तो जाएंगे। यह यात्रा तब तक चलती रहेगी जब तक परिवर्तन नहीं हो जाता।उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस सिर्फ धोखा देने का काम करती हैं जबकि भाजपा जो कहती है, वह करती है उन्होंने जनता से अपील की कि आने वाले चुनाव में भाजपा को अपना समर्थन दें।दुमका में आयोजित भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज के समापन समारोह में हम संकल्प लेते हैं कि इस राज्य में व्याप्त कुशासन, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, और राज्य की जनता के साथ हो रही धोखाधड़ी को समाप्त करना है। यह परिवर्तन यात्रा इसी उद्देश्य से है। आज राज्य में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। संथाल की धरती पर आदिवासी बेटी रुपा तिर्की की हत्या हो जाती है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य में लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ रही है, जिससे संथाल और कोल्हान की धरती खतरे में है। मसानजोर डैम के पास घर बनाकर लोगों को बसाया जा रहा है और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। राज्य में कानून के साथ खिलवाड़ हो रहा है और जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार को जनता की परवाह नहीं है। यह सरकार यहां की जनता की सुरक्षा करने में असफल रही है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 34 /2024-25
Date: - 28-09-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation for RajkiyaUtkarmit Middle School Champanagar (Nawadih), Block – Ichak at Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 11174793/- |
| 3. | Time of Completion | 06 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 01 -10-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 07-10-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 337687 Building(24-25)#D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय लोहरदगा (समाज कल्याण)**

अति–अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष–2024–25 के लिए लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में निःशक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र एवं उपकरण एवम् वित्तीय वर्ष–2023–24 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने वाली तथा बेंचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विशेष यंत्र उपकरणों का नाम निम्न है :–

| क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम | क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्राईसाईकिल (वयस्क) | 4 | श्रवण यंत्र (डिजिटल) |
| 2 | व्हील चेयर (वयस्क) | 5 | ब्लाईण्ड स्टिक |
| 3 | वैशाखी (वयस्क/मध्यम) | 6 | बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल |

सम्बन्धित नियम एवं शर्तें लोहरदगा जिला के बेबसाइट lohardaga.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय,लोहरदगा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

निविदादाता मुहर बन्द लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय,पाण्डेय शहीद गणपत राय भवन,लोहरदगा में दिनांक 09.10.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक निविदा जमा करेंगे तथा निविदा उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न समाहरणालय सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 337669 (Lohardaga) 24-25 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रांची**

ई प्रोक्योरमेंट टेन्डर नोटिस
द्वितीय अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना
First Call PR- 332423
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/HATIAPROJECT/03/2024-25
dated- 28/09/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Pipeline laying work of clear water distribution mains from Mecon colony near overhead water tank to AG office Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division Hatia Project Ranchi for the year 2024-25. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू0 32.97128 लाख। |
| 3 | अग्रधन की राशि | रू0 0.66 लाख। |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रू० 5,000.00 हजार। |
| 5 | कार्य समाप्ति की अवधि | 150 दिन। |
| 6 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01/10/2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से। |
| 7 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07/10/2024 को अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08/10/2024 को अपराह्न 4.30 बजे से। |
| 9 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा राँची – 834002। |
| 10 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, राँची। |
| 11 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9204931335 |
| 12 | ई प्रोक्योरमेंट सेल का सहायता केन्द्र नं0 | 9931100907 |

NB:- For Details

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।
5. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
6. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
7. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हटिया योजना, राँची

PR 337652 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी,राँची**
**शिक्षा विभाग परिसर, पो०-कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची–834001,**
**फोन– 2215544, ईमेल न0–rmsaranchi0651@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

उप विकास आयुक्त, रांची के ज्ञापांक 980(ii)/वि0 दिनांक 28.09.2024 के निदेशानुसार माननीय विधायक श्री समरी लाल, कांके विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालय/माध्यमिक विद्यालय/कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय/मॉडल विद्यालय/मध्य विद्यालय के कुल–35 (पैंतीस) महाविद्यालय/विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकों की सूची तथा राशि उपलब्ध कराई गई है। माननीय विधायक द्वारा अनुशंसित बहुपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूत्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूतिकर्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 08.10.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूतिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची किसी भी कार्यदिवस को (कार्यालय अवधि में) अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाऐं स्वीकृत नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबंद निविदाऐं दिनांक 08.10.2024 को अपराह्न 03.00 बजे गठित समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जाएगी। जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

शेष शर्तें वेबसाईट– www.nicranchi.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
राँची

PR 337620 Human Resource Developement(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(e-Procurement Call)
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या & 19/2024-25/RWD/SIMDEGA
दिनांक – 28-09-2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:जिला अनाबद्ध मद अन्तर्गत (Untied Fund)

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बानो | RWD/SIM/ 19/01/2024-25 | बानो प्रखंड अन्तर्गत सिम्हातु पंचायत के जाराटोली आपाटोली से जामटोली गिरजा टोली पथ पर 445 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22.65700 (बाईस लाख पैंसठ हजार सात सौ रूपये मात्र) | 46000.00 (छियालीस हजार रूपये मात्र) | 5000.00 (पाँच हजार रूपये मात्र ) | 3 माह |
| 2. | | RWD/SIM/ 19/02/2024-25 | बानो प्रखंड के सिम्हातु आर0ई0ओ0 सड़क से पंचायत मुख्यालय तक 460 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 19.64700 (उन्नीस लाख चौंसठ हजार सात सौ रूपये मात्र) | 40000.00 (चालीस हजार रूपये मात्र) | 5000.00 (पाँच हजार रूपये मात्र) | 3 माह |
| 3. | | RWD/SIM/ 19/02/2024-25 | बानो प्रखंड अन्तर्गत सुरीटोली BPDP रोड से बिरनीबेड़ा तक 228मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 12.33500 (बारह लाख तैंतीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र) | 26 000.00 (छब्बीस हजार रूपये मात्र) | 2500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये मात्र) | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01-10-2024
3. अति अल्पकालीन ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07-10-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. अति अल्पकालीन ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09-10-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. अति अल्पकालीन ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.337646 Simdega(24-25):D

## एक नजर

### सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

**साहिबगंज** : जिला अन्तर्गत बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट परिसर में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांव के महिला पुरुष सीएचसी इलाज करने को लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर संतोष टुडू डॉक्टर चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद, ने उपस्थित मरीजों को बारकी से जांच की। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र जांच, बुखार, जैसे बीमारियों का इलाज किया गया तत्पश्चात निशुल्क दवाई दी गई। रोगियों को सलाह भी दी गई, इस दौरान शिविर में 125 लोगों ने इलाज कराया। मौके पर बीसीएम प्रियरंजन सिंह, आलावा अन्य मौजूद थे।

### ससुराल में मारपीट में जख्मी बोड़ाम निवासी की मौत

**जमशेदपुर** : बोड़ाम थाना अंतर्गत मिजार्डीह टोला सीमागोड़ा के कुलटांड़ गांव निवासी बुधू मार्डी की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधू मार्डी को गंभीर रूप से जख्मी हालत में चिकित्सा के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार बुधू मार्डी का बोड़ाम के डिमुडीह पोड़ोगोड़ा में ससुराल है। वह ससुराल गया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका अपने साले से किसी बात को लेकर हुई विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों में मारपीट होने लगी। इस दौरान लाठी के हमले में बुधू मार्डी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद बुधू का भाई सोम मार्डी वहां गया तथा उसे अस्पताल लेकर आया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में फिलहाल अभी तक पुलिस को कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गई है।

### एसडीओ ने साकची स्वर्णरेखा घाट से पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रक

**जमशेदपुर** : एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने सोमवार को साकची हाथी घोड़ा मंदिर के समीप स्वर्णरेखा नदी से बालू का अवैध परिवहन कर रहे एक 407 ट्रक को पकड़ा। वैध कागजात नहीं दिखाए जाने पर चालक को हिरासत में ले लिया गया। वाहन को थाना के हवाले कर दिया गया। एसडीओ ने बताया कि चालक का नाम सनातन शोएब है। जबकि 407 ट्रक के मालिक का नाम मनोज कुमार गुप्ता है। बालू लेकर वाहन कदमा भाटिया पार्क जा रहा था। उसी दौरान एसडीओ ने वाहन को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन का अभियान निरंतर चलेगा।

### पूजा समितियां पंडालों में भक्ति गीत ही बजाएं : बीडीओ

**चाईबासा** : दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार की शाम गोइलकेरा थाना में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा त्योहार आपस में मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ विवेक कुमार ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशहाली लेकर आता है, इसलिए इसे आपस में मिलकर खुशहाली पूर्वक मनाए। पूजा के दौरान पूजा समितियां पंडालों में भक्ति गीत ही बजाएं, ताकि भक्तिपूर्ण माहौल बन सके। थाना प्रभारी कमलेश राय ने कहा कि पर्व त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करें। अगर कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की अफवाहों से बचें। अगर किसी तरह की अफवाह फैलती है तो सबसे पहले थाना को सूचित करें।

# जिला टॉस्क फोर्स की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समहरणालय सभागार में उपायुक्त -सह- अध्यक्ष जिला टॉस्क फोर्स की बैठक हेमंत सती की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिला खनन टास्क फोर्स के अध्यक्ष सह उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम बैठक की कार्रवाही एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में सभी सदस्यों से अनुपालन प्रतिवदेन की मांग की गयी। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि विचार-विमर्श के दौरान परिचर्चा की गयी सभी बिन्दुओ को कार्रवाई में अंकित की जाय एवं उसके अनुपालनार्थ से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय। उपायुक्त के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को दिये गए निदेश के आलोक में खनन पट्टो की प्रशाखीय मापी की जा रही है। जिसमें पतना अंचल में 02 एवं मंडरो अंचल में 03 खनन पट्टो की मापी गयी है। उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज एवं राजमहल को दिये गये निर्देश के आलोक में अपने अनुमंडल अन्तर्गत पड़ने वाले सभी क्रशर स्थल/खनन पट्टा क्षेत्र का केएमएल फाईल तैयार किए जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में जिले में परिवहन चालान प्राप्त कर खनिज लोड करने के बाद 05 घंटे के अंदर जिला सीमा के बाहर रहेंगे। अगर किसी कारणवश या नो इन्ट्री पड़ने पर 05 घंटे के अंदर जिला सीमा से बाहर नहीं जा पाते है तो इसकी लिखित सूचना फोटोग्राफ के साथ जिसमें समय भी अंकित हो के साथ जाँच पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे, ताकि यथाशीघ्र विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। खनन पट्टा क्षेत्र में हो रहे विस्फोटकों का उपयोग की जाँच जिला टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की जा रही है।जिलान्तर्गत चल रहें अवैध बालू के भंडारण की जाँच सभी टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की जा रही है एवं जाँच के क्रम में अवैध भंडारण/परिवहन पाये जाने पर त्वरित कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। उपायुक्त के द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं राजमहल द्वारा साहेबगंज जिलान्तर्गत संचालित सभी चेकनाका पर प्रत्येक सप्ताह दण्डाधिकारी का बदलाव किया गया है एवं निगरानी भी बनाये हुए है। जाँच के क्रम में अवैध खनन एवं परिवहन में 02 प्राथमिकी एवं 5.22 लाख रुपये की जुमार्ना राशि की वसूली की गयी है। जिला में बालू, ईट मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के सम्बंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित चेक नाको पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज भी समर्पित करेंगे।

मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला के वरीय पदाधिकारी समेत, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी सम्मिलित उपस्थित थे।

## नम आंखों से लोगों ने बीडीओ को दी विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : ईचागढ़ प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीडीओ किकु महतो का स्थानांतरण के बाद प्रखंड, अंचल , पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी व क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दिया गया। विदाई समारोह के पूर्व किकु महतो ने अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद को बीडीओ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, आपूर्ती पदाधिकारी का कार्यभार सौंपा। खचाखच भरे कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों व क्षेत्र के लोगों ने बुके, फूलमाला व गीफ्ट आदि देकर उन्हें विदाई किया। तीन वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास कार्यों एवं लोगों से मधुर व्यवहार के लिए लोकप्रियता हासिल कर चुके तत्कालीन बीडीओ किकु महतो को लोगों ने फुल मालाओं से लाद दिया। विदाई समारोह में ठेला वाले से लेकर बाजा बजाने वाले भी समारोह में उपस्थित होकर विदाई समारोह को गमगीन बना दिया। वहीं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी कोई काम लेकर किसान, मजदूर, बुजुर्ग व अन्य ग्रामीण कार्यालय पहुंचे या क्षेत्र में निरीक्षण आदि के समय भी अपने काम के संबंध में बोले तो मैं तत्काल उन्हें सम्मान पूर्वक बैठाकर गंभीरता पूर्वक उनके कार्यों को कराया। उन्होंने कहा कि यहां प्रखंड के पदाधिकारी, अन्य प्रखंड कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि से लेकर जनताओं का भी काफी सहयोग मिला। लोगों से हमेशा ही क्षेत्रीय भाषा में ही बात कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ के जनता का याद सदा दिल में रहेगा। विदाई समारोह को प्रमुख गुरूपद मार्डी, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, अनिल सिंह,पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

## दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहेबगंज** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा (दशहरा) पर्व 2024 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारियों, पूजा समिति के सदस्यों, पुलिस बल और नगर परिषद के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त ने पूजा पंडालों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में ऐसे कपड़ों का इस्तेमाल हो, जिनमें आग जल्दी न लगे। साथ ही, आग बुझाने वाले यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पंडालों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**अवैध चंदा वसूली पर रोक**

उपायुक्त ने सख्ती से निर्देशित किया कि पूजा के दौरान अवैध चंदा वसूली पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। साथ ही, मूर्ति विसर्जन के समय हाई कोर्ट के आदेशानुसार डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। विसर्जन रूट पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, विशेषकर हाई रिस्क जोन में, ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की घटना से बचा जा सके।

**विसर्जन स्थल पर विशेष व्यवस्था**

विसर्जन स्थलों पर हाइड्रा मशीनें उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। इसके अलावा, गोताखोरों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे जल से संबंधित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। दशमी के दिन शराब की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने का भी निर्देश जारी किया गया है।

कंट्रोल रूम और सफाई व्यवस्था

सभी पूजा पंडालों में कंट्रोल रूम का नंबर प्रदर्शित किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। नगर परिषद, साहेबगंज और राजमहल क्षेत्र में विशेष रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**विसर्जन का समय**

विसर्जन का समय पूर्व की भांति सूर्यास्त से पहले निर्धारित किया गया है, ताकि सारी प्रक्रियाएं सुचारू रूप से संपन्न हो सकें और शांति व्यवस्था बनी रहे।

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और पूजा समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने प्रखंडों में शांति समिति की बैठक जल्द से जल्द आयोजित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विधि-व्यवस्था को सफल बनाने के लिए समन्वय बनाए रखें।

## बीडीओ के प्रयास से जल्द होगा बोरियो हाटपाड़ा में शेड निर्माण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला के बोरियो प्रखंड मुख्यालय के हाट पाड़ा क्षेत्र में मछली, सब्जी, बकरी, राशन मंडी के लिए ब्रिटिश काल में निर्मित शेडों का अब नए सिरे से निमार्ण होगा। हाट पाड़ा में बने सभी शेड पूरी तरह से जर्जर हो चूके हैं, और लटक रही दीवालें और बिम्ब कभी भी गिर सकती है। इसके लिए मंडियों में अस्थाई और स्थाई रूप से दूकान लगाने वाले दुकानदारों ने कई बार सरकारी पदाधिकारियों को आवेदन देकर नए सिरे से शेड निर्माण की मांग कर चूके हैं। बोरियो के झामुमो कार्यकर्ता मो एजाज और पिछ्ले कुछ दिनों पहले मछुवारा पंकज केवट ने भी आवेदन देकर नए शेड की मांग कर चूके हैं। मांग के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव व अंचलाधिकारी विजय हेमराज खालको ने शेड निर्माण के मामले को संज्ञान में लेते हुए, सभी विभागों को पत्र लिखा था, और शेड निर्माण की मांग कर रहे थे। बता दें कि, बोरियो प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को इस मामले से अवगत करवाया और जल्द से जल्द शेड निर्माण के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद सोमवार को भवन निर्माण विभाग के द्वारा हाटपाड़ा क्षेत्र का सर्वेक्षण कराया गया है, और डीपीआर तैयार कर भेज दिया गया है। अब जल्द ही सभी छह पुराने शेडो का नए सिरे से निमार्ण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। टेंडर प्रक्रिया के बाद लगभग जनवरी फरवरी तक शेड निर्माण कर दिया जाएगा।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने बस स्टैंड सहित 1 करोड़ की योजना का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : सरायकेला जिला अंतर्गत कुकडु प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक से आदारडीह तक जाने वाली सड़क पर सीसी में जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने बस स्टैंड सहित कई योजनाओं का नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर विधिवत शिलान्यास किया। जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने बस स्टैंड के अलावा सिरूम रूपरू में 250 फीट पीसीसी, पलासडीह में 300 फीट पीसीसी,जानुम में जल मिनार का शिलान्यास किया। जिला परिषद से 15 वीं वित्त आयोग मद से निर्माण किया जाएगा। सीसी में बनने वाले बस स्टैंड का स्वीकृति 2020 को ही हो चुका था, जमीन का चिन्हित नही होने से सीसी में जमीन चिन्हित कर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण होने से कुकडु में यात्रियों को बस में चढ़ने के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बस में चढ़ने के लिए लोग जहां तहां खड़ा रहते हैं, जिससे बस को हर जगह रूकना पड़ता है, समय भी अधिक लग जाता है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद से लिया गया योजनाओं का निर्माण होने से लोगों का मांग भी पुरा होगा और लोगों को सुविधा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण 1 करोड़ 20 लाख की लागत से बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का बस स्टैंड का बनना निश्चित रूप से लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिलेगा।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। सहिया, सेविका व तमाम प्रखंड, अंचल कर्मीयों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान के तहत पुरे प्रखंड परिसर व आस पास के जगहों पर झाड़ू लगाकर सफाई किया गया। कचड़ा पृथीकीकरण व प्रबंधन के लिए अलग अलग कचरों को रखकर लोगों को कचड़ा प्रबंधन, बिनिशष्ट करण के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर कचरा प्रबंधन से गांव को साफ बनाना है ,उत्तम स्वास्थ्य और आरोग्य पाना है। प्रदुषण से बचना है, स्वच्छता को अपनाना है , गांवों को साफ रखना है। सामूहिक स्वच्छता अभियान अपनाना है आदि नारे लगाए गए। वहीं बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रथ को रवाना किया। वहीं अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सतेन्द्र पासवान ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत आज स्वच्छता जागरूकता व स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर गांव स्वच्छता की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपने संस्कार में डालने का का जरूरत है। सामूहिक साफ सफाई को अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। प्रदुषण से मुक्ति के लिए हमें कचड़ा प्रबंधन, बिनिशष्ट करण को अपनाना होगा, तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने पोलेथिन का वर्जन करने का भी लोगों से अपील किया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए सभी को आगे आने का अपील किया। मौके पर सहिया, सेविका, प्रखंड, अंचल व सभी विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेहतर कार्य के लिए युवा सदन में सम्मानित हुए सोयेब अख्तर



**साहिबगंज** : झारखंड राजधानी रांची में झारखंड युवा सदन 4.0 में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन हुआ था। जिसमें सोयेब अख्तर पाकुड़ विधानसभा के विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे थे एवं सत्ता पक्ष के रूप में कार्यवाही निभा रहे। उन्हें अपनी क्षेत्र के विभिन्न मुद्दे के बारे में सदन को अवगत कराया शेरशाबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत, विधानसभा क्षेत्र फैक्ट्री का निर्माण, शिक्षा की हालत सुधारने हेतु, स्वास्थ्य, अस्पताल जैसे विभिन्न में मुद्दो को सदन में उठाया एवं इन्हीं कार्यों को देखते हुए झारखंड युवा सदन की तरफ से उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सोयेब अख्तर ने बताया कि मैं समाज सेवी के रूप में वहां पर उपस्थित था तो समाज हित के लिए जो भी मांग संभव था मैं सदन में रखने का भरपूर प्रयास किया एवं सदन की कार्यवाही के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी मिली एक विधायक किस तरह से अपने क्षेत्रीय मुद्दे को सदन में रख सकते हैं। इस सदन में मानव तस्करी को लेकर एक बिल को पारित किया गया जिसे मैं पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं क्योंकि हमारे राज्य में मानव तस्करी चरम सीमा पर है। मैं इसी तरह अपने क्षेत्र की लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करूंगा एवं उनकी आवाज को सदन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। अपने क्षेत्र के सभी आम जनों को धन्यवाद आप सभी के स्नेह, प्यार, आशीर्वाद और दुआ से ही संभव हो पाया है।

### राज्य सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिल रही है राहत सामग्रीः अनन्त ओझा



**साहिबगंज** : साहेबगंज में गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण साहेबगंज के साहेबगंज सदर,राजमहल और उधवा प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं जिस कारण दियारा वासियों जीवन कष्ट में हैं अब तक राज्य सरकार की ओर से बाढ़ राहत सामग्री नहीं मिली हैं इसकी शिकायत लेकर सोमवार को कारगिल दियारा और लालबथानी से सैकड़ो लोग राजमहल विधायक अनन्त ओझा के कार्यालय पहुंचे। राजमहल विधायक ने बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुना। बाढ़ पीड़ितों का कहना हैं कि जिला प्रशासन की ओर से कहा तो जा रहा हैं कि बाढ़ राहत सामग्री का वितरण हो रहा हैं मगर जमीनी हकीकत यह कि अब तक बाढ़ पीड़ितों के बीच पारदर्शिता के साथ बाढ़ राहत सामग्री नही पहुंच रही हैं जिला शासन के अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं उनकी सक्रियता नहीं होने के कारण बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री नहीं पहुंच पा रही हैं। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि मैं लगातार मांग कर रहा हूं की बाढ़ पीडतों के लिए बाढ़ राहत सामग्री, पशुओं के लिए चारा और आवागमन की व्यवस्था राज्य शासन और जिला शासन करें। मगर अब तक कोई व्यवस्था नहीं हो पाई हैं कहा कि हेमन्त सोरेन की सरकार ने बाढ़ जैसे आपदा में भी यहां के नागरिकों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया हैं मैं लगातार दियारा क्षेत्र और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया हुं गांव में जाने के बाद पता चलता हैं कि अब तक कोई बाढ़ राहत सामग्री नहीं पहुंची हैं पशुओं के लिए चारा नहीं मिल रही हैं इस प्रकार से इस सरकार में जनता के साथ हो रहा हैं जो कि बाढ़ जैसे आपदा में भी हेमन्त सोरेन की सरकार और शासन में बैठे लोगों के संवेदनहीन होना सही नहीं हैं। बाढ़ पीड़ितों को इस सरकार में उपेक्षा किया जा रहा हैं। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, राज्य के आपदा सचिव और जिला उपायुक्त से मांग किया कि जल्द बाढ़ पीड़ितों के लिए समुचित व्यवस्था की जाए और राहत सामग्री का वितरण पारदर्शिता के साथ लोगो के बीच वितरण किया जाए, जिस से बाढ़ पीड़ितों को राहत मिल सके।

### ओडिशा और झारखंड दो अलग राज्य होते हुए भी एक जान : मोहन



**पश्चिम सिंहभूम** : झारखंड के कोल्हान प्रमंडल के जगरनाथपुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन सभा में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओडिशा और झारखंड दो अलग राज्य होते हुए भी एक जान के जैसे हैं। अखंड राज्य में कभी ये दोनों राज्य एक हुआ करते थे। इस दौरान उन्होंने झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। माझी ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से झारखंड में कठपुतली की सरकार चल रही है। आशा है कि मां दुर्गा आने वाले चुनाव में इनका नाश अवश्य करेंगी। उन्होंने किसानों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां खेतिहरों किसानों की न्यूनतम मासिक आय मात्र 4,400 रुपये है, यह देश में सबसे कम है। इसके लिए राज्य की हेमंत सरकार जिम्मेदार है। इसलिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। माझी ने झारखंड में उड़िया भाषा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में उड़िया भाषी लोग दोयम दर्जे की हालत में हैं। इनको ऊपर उठाने का दायित्व हेमंत सरकार की है लेकिन झारखंड में उड़िया भाषा उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यहां शिक्षकों की बहाली न कर उड़िया भाषा को विलुप्त करने का प्रयास कर रही है। उड़िया भाषा को विलुप्त करने का हेमंत सरकार एक षडयंत्र रच रही है। माझी ने कहा कि झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनानी है। भाजपा की डबल इंजन सरकार जो कहती है वह करती है। कुछ महीने पहले ही ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी, वहां भाजपा ने जो वादे किए उसे पूरा कर रही है। यह हमारे ओडिशा में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर राज्य की 136 स्कूलों में उड़िया शिक्षकों का निवेदन को स्वीकार करते हुए उनका मानदेय वृद्धि करते हुए 3 से 6 हजार किया जाएगा, शिक्षकों का बकाया पैसा भी दिया जाएगा। यहां के उड़िया छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक भी दिया जाएगा, स्कूल भवन भी बनाये जाएंगे। साथ ही कहा कि आदिवासी मूलवासी सभी को एक साथ मिलकर भाजपा की सरकार लानी होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में आयो गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये दिए जाएंगे।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक में डीसी ने दिए कई निर्देश

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में दशहरा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा लोहरदगा जिला में बहुत ही धूमधाम और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। सभी पूजा समितियां संबधित थानों में दुर्गा मूर्ति के विसर्जन के समय से अवगत करा दें। जो समय निर्धारित है उसी अवधि के अंदर मूर्ति का विसर्जन हो। आयोजक सोशल मीडिया समूह पर विशेष नियंत्रण रखें, जिसमें किसी को भी उकसाने वाला कंटेट फारवर्ड करने की अनुमति नहीं हो। डीसी ने कहा कि समितियों के वॉलेंटियर्स के साथ पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक बैठक निर्धारित की जाएगी, जिसमें वॉलेंटियर्स के तौर पर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा पूजा पंडाल में अग्नि के खतरों से आपात स्थिति में निबटने के तरीकों और अग्निशामक के इस्तेमाल के बारे भी बताया जाएगा। सभी थाना प्रभारी डीजे संचालकों से लिखित सहमति प्राप्त कर लें, जिसमें किसी भी संचालक को किसी मोबाईल से किसी विशेष गाना को बजाने की अनुमति नहीं होना शामिल हो। डीसी ने कहा कि डविसर्जन के दौरान बजाया जानेवाला गाना पहले से ही पेनड्राईव में सुरक्षित रख लिया जाय, जिसमें कोई भडकाउ गाना शामिल नहीं हो। गाना बजाये जाने से पूर्व उसे अच्छी तरह जांच कर लिया जाय। वॉलेंटियर्स के लिए एक आईडी कार्ड भी जारी किया जाय, जिसमें संबधित थाना प्रभारी का हस्ताक्षर हो। रावण दहन के दौरान लगनेवाले मेला में तीन-चार स्थानों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो। पुलिसकर्मी अपने निर्धारित स्थान पर तैनात रहेंगे।

### भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली सिल्ली पहुंची

**सिल्ली :** सिल्ली भारतीय जनता पार्टी का परिवर्तन रैली रांची से चलकर सिल्ली पहुंचा जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत गणेश मिश्रा विजय लाल प्रताप कुशवाहा मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक आदि उपस्थित रहे। यह रैली सिल्ली बुंडू चौक होते हुए झारखंड मोड़ में शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने मल्लार्पण किया साथी साथ ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार जनता को धोखा दे रही है 4 साल में जो काम करना था वह नहीं कर पाई छात्राओं का परीक्षा लेते समय नेट बंद कर दिया जाता है यह कोई साजिश है सरकार हर एक मामले में झारखंड में धोखा देने का काम किया है हम चाहेंगे की आने वाले विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को भारी से भारी मतों से विजय बनाएं।

### पुलिस पिकेट हटाने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**पलामू :** जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा और तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार पुलिस पिकेट हटाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को पिकेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के साथ उप प्रमुख कुसुम देवी, डबरा की मुखिया मंजू देवी, नंदू रवि, नंदू यादव, वीरेंद्र उरांव, विनोद यादव, बिगन यादव, बाबूलाल गुप्ता, दिनेश यादव, अखिलेश भुईया, निशा देवी, बासमती देवी, अनीता देवी के अलावा कई लोगों ने एक स्वर में कहा कि डबरा का यह क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। यहां से पुलिस पिकेट हटाने के बाद नक्सली फिर से हमला कर सकते हैं। नक्सलियों के टारगेट पर यह गांव हमेशा रहा है।

# दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द के साथ मनायें : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर में दुर्गा पूजा को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय की अध्यक्षता में गई। बैठक में सदर प्रखंड के कई मुखिया, वार्ड पार्षद , पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, सदर सीओ समेत दोनों समुदाय के गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत, गांवों में मनाये जानेवाले पर्व त्योहार को लेकर चर्चा की गई। साथ ही साथ दोनों समुदाय के लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बल बढ़ाने, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने, सड़क में बने गड्ढे को भरने एवं असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अफवाह फैलानेवालों को चिंहित कर कार्रवाई करने समेत कई बिंदुओ पर प्रकाश डालते हुए अपनी अपनी मांग को रखा। पूर्व मुखिया सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि अभी तक सदर प्रखंड की परंपरा रही है कि कोई भी पर्व त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है। इसमें पुलिस एवं प्रखंड प्रशासन का सदैव साथ हमसबों का रहता है। उन्होंने मांग किया कि पूजा प्रारम्भ से लेकर विसर्जन तक नशाखोरों पर पैनी नजर रखते हुए अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये। साथ ही साथ पूरे सदर क्षेत्र में पुलिस गश्ती दल मेन रोड को छोड़कर पूजा पंडाल तक भ्रमण करे। बैठक में नवपदस्थापित सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने कहा कि जैसा आपसबों से मुझे प्रतीत हुआ है उसे ध्यान में रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। अहिंसा परमो धर्म के साथ दोनों समुदाय के लोग किसी भी पर्व त्योहार को उमंग से मनायें। इसमें प्रशासन से जो सहयोग बनेगा वह दिया जायेगा। सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा ने कहा पूर्व की शांति आपसी सौहार्द के साथ पर्व को मनायें। प्रशासन सदैव आपके साथ है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि सुरक्षा के प्रति पुलिस काफी गम्भीर है। असमाजिक तत्व व अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखें। वैसे असमाजिक तत्वों को किसी सूरत पर बख्शा नहीं जायेगा। अफवाह पर लोग ध्यान न दें। इस मौके पर सदर सीओ, सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, एएसआई आनंद सिंह, एसआई दुर्गविजय, एसआई मनोज मुंडज्ञ, एएसआई तिलेश्वर रजक, भरत भूषण समाड़, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, शिक्षक रविंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि सदर हृदया सिंह, विनय त्रिपाठी, अबुल अंसारी, अनुप सिंह, संतोष प्रसाद साव, राजा गुप्ता, पंसस पति अजय तिवारी, विनय त्रिपाठी, नरेंद्र मेहता समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।



## अनुमंडलीय थाना छतरपुर में लगाया गया जन शिकायत शिविर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छतरपुर पलामू :** अनुमंडलीय थाना छतरपुर में सोमवार को जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के द्वारा किया गया। जिसमें सभी प्रखंड मिलाकर कुल 19 आवेदन दिया गया। जिसमें जमीन से संबंधित मामला घरेलु झगड़ा झंझट, महिला थाना से संबंधित मामला उभर के सामने आया। जिसमे 06 मामला का आज का आज निष्पादन कर दिया गया। छतरपुर डीएसपी नौसाद आलम ने बताया कि मामला को देखते हुए सभी प्रखंड के थाना प्रभारी को निर्देश दिया जाता है कि अपने स्तर से होने वाले कोई भी मामला को जल्द से जल्द निष्पादन करने का प्रयास करें। शिविर में उपस्थित पुलिस निरीक्षक छतरपुर, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नौडीहा थाना प्रभारी, हरिहरगंज थाना प्रभारी, पिपरा थाना प्रभारी, अंचल कर्मचारी साथ ही अंचल अमीन मौजूद रहे।

## ठेकेदार के घर पर अंधाधुंध फायरिंग, 15 राउंड चली गोलियां, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** टाउन थाना क्षेत्र के बारालोटा हनुमान नगर में एक ठेकेदार के घर पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की है। अपराधियों ने ठेकेदार के घर पर करीब 15 राउंड फायरिंग की है। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी राघवेंद्र सिंह ठेकेदार हैं। वे किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी बीच बाइक पर सवार तीन अपराधी घर के पास पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। राघवेंद्र सिंह के परिजनों ने पुलिस को आवेदन दिया है। परिजनों ने एक व्यक्ति पर शक भी जताया है, जिसके बाद पुलिस ने पूरे मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कर ली है। पुलिस ने घटना स्थल से 13 खोखे बरामद किए हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर पर करीब 15 राउंड फायरिंग हुई है। उन्होंने आरईओ विभाग में टेंडर डाला था, उनसे टेंडर वापस लेने को कहा जा रहा था। घटना की सूचना पाकर सदर एसडीपीओ मनीष भूषण प्रसाद टाउन थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि गोलीबारी की घटना की जांच की जा रही है। कई राउंड फायरिंग की बात बताई जा रही है। पुलिस ने घटना स्थल से गोलियों के खोखे बरामद किए हैं। गोलीबारी करने वाले अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पूरे मामले में सभी बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है।

## पति के लिए ब्याज पर लिया कर्ज, पति दूसरी से करना चाहता शादी, पत्नी पहुंची थाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला के लामीपतरा की रहने वाली एक महिला ने पति के लिए पांच प्रतिशत ब्याज पर 1.20 लाख रुपए कर्ज लिया. पति ने उसी पैसे से एक ऑटो खरीदा, पैसे लेने के बाद पति ने पत्नी को छोड़ दिया। पत्नी अब समूह से लिए कर्ज के ब्याज की रकम भर रही है। पूरे मामले की शिकायत लेकर महिला पुलिस जन समस्या समाधान कार्यक्रम में पहुंची। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है।महिला पहले भी पुलिस के पास शिकायत लेकर गई थी, पति ने ठीक से रखने के लिए समझौता भी किया था। लेकिन दो वर्ष से साथ नहीं रख रहा है और ब्याज की रकम उसे देना पड़ रहा है। इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में दर्जनों लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे। कई लोगों के मसलों का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। मेदिनीनगर टाउन थाना में टाउन, सदर, सतबरा थाना में कैंप लगाया गया। इसके अलावा भी जिला के विभिन्न स्थानों में अलग-अलग स्थानों के लिए भी कैंप लगाया गया। सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ये शिकायत लेकर पहुंची थी कि उनके बच्चों की पड़ोसियों ने पिटाई कर दी है।बच्चा स्कूल गया था जहां दूसरे बच्चे के साथ झगड़ा हुआ। जिस बच्चे के साथ झगड़ा हुआ था उसके परिजनों ने उसके बच्चों के बेरहमी से पिटाई कर दी। इसी तरह कई लोग अपने पारिवारिक समस्या के साथ-साथ जमीन का विवाद लेकर पहुंचे। मेदिनीनगर टाउन थाना में लगे कैंप में 24 से अधिक मामले पहुंचे, जिन में 12 से अधिक मामले जमीन विवाद से जुड़े हुए थे। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि सभी आवेदनों का रिसीविंग दी गई है अब मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। शिकायत के आधार पर विभिन्न अधिकारियों को जांच का जिम्मा दिया गया है।

## दुर्गा पूजा को लेकर सिल्ली थाना में शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली थाना के प्रांगण में सोमवार के दिन संध्या 4 बजे से आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि हम लोगों को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण, हर्सोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। प्रशासन पूजा पंडालों में उद्दंडता करने वाले और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पंडालों में वॉलिंटियर्स की संख्या पर्याप्त मात्रा में हो ताकि आए हुए श्रद्धालुओं पर नजर रख सके कि उन्हें आराधना करने पर किसी प्रकार का परेशानी ना हो। साउंड सिस्टम में नियंत्रण भी रखेंगे साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने से बचे। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि पंडाल में किसी तरह का गड़बड़ी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने प्रांगण में उपस्थित पूजा पंडालों के कमेटियों से अनुरोध किया कि अपने-अपने पंडालों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए। बैठक में आए हुए लोगों ने बिजली और सड़क को दुरुस्त करने को लेकर भी अपनी बातों को रखा।

# शिक्षा, जलापूर्ति, बिजली और सड़क से संबंधित योजनाओं को जल्द पूरा करें अधिकारी : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में जितनी भी योजनाएं चल रही हैं वह आम नागरिकों तक जल्द पहुंचनी चाहिए। अधूरी योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए और उसकी गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाए। यह बातें सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित डिस्टिक डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान विधायक सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी सहित अन्य उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी गई। क्रमवार समीक्षा करते हुए पोटो हो खेल विकास योजना के तहत संचालित खेल मैदानों की सूची को लेकर सांसद के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में संचालित पोटो हो खेल मैदान की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद द्वारा वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली गई। मौके पर विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद के द्वारा वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरम्मति के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर सांसद के द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क समस्याओं पर विशेष ध्यान देने, सड़क की स्थिति को देखते हुए सर्वे करने तथा सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान सांसद के द्वारा सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पाठ्यपुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी आदि की जानकारी लेते हुए ससमय कार्यों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने मध्यान भोजन को लेकर विद्यालयों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करने, सभी विद्यालयों की दीवारों पर मध्यायन भोजन का रोस्टर अंकित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उनके द्वारा सेंट्रलाइज्ड किचन निर्माण की स्थिति की भी जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### जीसीपीए कॉलेज के स्वयं सेवकों ने अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया सफाई अभियान



**मेदिनीनगर (पलामू) :** छत्तरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छत्तरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल एवं उनकी टीम ने भी अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य सह कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा-24 के तत्वाधान में दिनांक 17 सितंबर-01 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान, जागरूकता एवं अन्य कार्यक्रमों को करना है। इसी कड़ी में आज दिनांक 30 सितंबर 2024 को अनुमंडल अस्पताल छत्तरपुर एवं बस स्टैंड छत्तरपुर में झाडू लगाकर सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही सभी स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों को अपने आस पास के इलाके को, सार्वजनिक क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का दिलाया गया शपथ। मौके पर प्रो इन्दु कुमारी, प्रो रोहित कुमार, रवि कुमार, विवेक, विशाल, हर्ष, आदर्श, छोटू, बिट्ठू, पप्पू, श्वेता, रोशनी, अनिशा, नंदनी, प्रिया सहित काफी संख्या में सफाई अभियान में भाग लिया।

### पांकी विधायक ने आहर जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पांकी विधायक डॉ.कुशवाहा शशिभूषण मेहता जी ने आज पांकी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कोनवाई पिपरा कला में बैजुवाखाला माध्यम से सिंचाई योजना के अंतर्गत आहार जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत पूजा अर्चना, नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर डॉ. मेहता ने कहा कि आहार जीर्णोद्धार होने से दर्जनों किसानों को सिंचाई का समुचित लाभ मिलेगा। जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का वे काम कर रहे हैं। हर गांव, कस्बे, टोले मोहल्ले से लेकर मुख्य सड़कों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। मौके पर छठन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मिथुन सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, बीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### हजारों की संख्या में झारखंड आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास का किया घेराव



**मेदिनीनगर (पलामू) :** सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास को हजारों हजार की संख्या में राज्य के 24 जिला के आन्दोलनकारियो ने घेराव किया। घेराव का नेतृत्व पुष्कर महतो जितेन्द्रसिंह कुशवाहा रोजलिन तिर्की संयोजक सतीश कुमार पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बिकेश शुक्ला बिलंगना किंडो संतन मेहता तुलसी शुक्ला प्रदीप सिन्हा समेत झारखण्ड के काफी संख्या में आन्दोलनकारी मौजूद थे। पुष्कर महतो ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलनकारी हाउस का निर्माण हो। सतीश कुमार ने कहा कि जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी आन्दोलनकारीयो को मान सम्मान व 50-50 हजार पेन्शन दिया जाय। झारखण्ड को लुट खंड बनने से रोका जाए। सभी आन्दोलनकारीयो को शिक्षा स्वास्थ्य व नियोजन की गारंटी किया जाय। रांची के सभी चौक चौराहों पर आन्दोलनकारियो को रोका गया। पुरी शहर अस्त व्यस्त हो गयी। सरकार अबिलंम्ब हमारी मांग को कैबिनेट बुलाकर पुरी नही की तो इस सरकार का बराबर के लिए अलविदा।

### श्री राम चरित्र मानस नवाहन पारायण महायज्ञ 8 नवंबर से होगा प्रारंभ



**मेदिनीनगर (पलामू) :** तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में संपूर्ण बैठक हुआ जिसके संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि श्री राम चरित्र मानस नवाहन पारायण महायज्ञ 8 नवंबर कार्तिक माह शुक्ल पक्ष सप्तमी से प्रारंभ होकर 16 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को संपूर्ण होगा। तुलसी मानस के अध्यक्ष इंजीनियर भारत सिंह ने कहा कि भागवत कथा एवं संगीत में प्रवचन तथा अंतिम में कवि सम्मेलन कार्यक्रम है। बैठक का संचालन सचिव महोदय शिवनाथ अग्रवाल ने किया उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाला मानस पाठ एवं प्रवचन कार्यक्रम का 72 वां अधिवेशन है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय वक्ता मानस कोकिला श्रीमती कृष्णा मिश्रा जी भागलपुर बिहार एवं श्री सीताराम कथा भागवत कथा के कथा वाचक जगतगुरु लक्ष्मण आचार्य जी मिजार्पुर उत्तर प्रदेश से पधारने की स्वीकृति मिली है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त कुलपति एवं राज्यपाल महोदय निमंत्रण पत्र गया है यज्ञ समिति द्वारा आयोजित होने वाले अधिवेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। पिछली बैठक की प्रस्तुति संतुष्टि किया गया मानस मंदिर निर्माण हेतु आय व्यय विवरणी की प्रस्तुति एवं लेखा जोखा पारित किया गया तुलसी मानस मंदिर का गुंबज अर्जुन पांडे उर्फ गुरु पांडे चैनपुर के द्वारा दिया जाएगा श्री राम भक्त हनुमान जी का कार्य कभी नहीं रुकता है। मंदिर का कार्य ढाई साल से निरंतर चल रहा है बसंत जायसवाल एवं सुशील गुप्ता कोषाध्यक्ष बलिराम शर्मा एवं उप संयोजक विनोद मिश्रा पूरे मंदिर परिसर को राज साउंड बिजली टेंट विजय जी को जिम्मेवारी दी गई । मंदिर के पुजारी सुरेश पाठक एवं सा पुजारी अंजनी पाठक संतोष जी हैं प्रतिदिन सुबह शाम हनुमान जी की आरती होती है। धन्यवाद ज्ञापन आजीवन सदस्य डॉ राजीव नयन के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पधारे प्रमोद तुलस्यान उर्फ नवल बाबू सुरेश उदयपुरी पवन नैमाला राजकुमार हरलालका रविशंकर पांडे विशाल जी सच्चिदानंद मिश्रा शुभम जी वीरेंद्र प्रसाद रंभा गुप्ता दीपक सिंघानिया प्रभात अग्रवाल पियूष तुलस्यान रवि शंकर गिरधारी गर्ग कमल जैन कृष्णा अग्रवाल काफी संख्या में सदस्य गण आए हुए थे।



# फाउंडेशन मेकअप का बेस, चमकाए फेस

**मेकअप बेस के तौर पर फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे पर आए कील-मुंहासे, झांइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं। पर इसका सही इफेक्ट तभी आता है, जब यह सही तरीके से लगाया जाए। आइए समझते हैं फाउंडेशन की एबीसीडी।**

मेकअप बेस के रूप में फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। इससे चेहरे की त्वचा चिकनी और समतल बनती है तथा मेकअप को अधिक देर तक रखने के लिए भी फाउंडेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह मेकअप का आधार होने के साथ-साथ त्वचा की रक्षा भी करता है और इसके इस्तेमाल से कील-मुंहासे, झांइयां तथा दाग-धब्बे छिप जाते हैं।

फाउंडेशन लगाने का सही तरीका फाउंडेशन लगाने से पहले चेहरे और गर्दन की त्वचा को क्लींजिंग क्रीम या लोशन से साफ करें। उसके बाद रुई की मदद से चेहरे और गर्दन पर फाउंडेशन लगाना चाहिए। या फिर अपने चेहरे के विभिन्न हिस्सों पर फाउंडेशन को डॉट्स की तरह लगाएं। फिर अपनी अंगुलियों या गीले स्पंज से चेहरे पर अंदर से बाहर की ओर हल्के से मसाज करते हुए फाउंडेशन को मिलाएं। तैलीय त्वचा पर फाउंडेशन लगाने से पहले रुई से एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं। और फिर कुछ देर बाद फाउंडेशन लगाएं। एस्ट्रिंजेंट लोशन से त्वचा की चिकनाई दूर होती है। इसी तरह ड्राई स्किन पर फाउंडेशन लगाने से पहले ग्लिसरीन या मॉइश्चराइजर पूरे चेहरे पर लगाना चाहिए।

सामान्य त्वचा के लिए कोई भी फाउंडेशन चल सकता है, मगर ऑयली त्वचा के लिए वॉटर बेस्ड और शुष्क त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर फाउंडेशन अच्छा होता है। आपकी स्किन ड्राई है, तो फाउंडेशन में दो-तीन बूंद पानी मिलाकर चेहर पर लगाएं। चेहरे पर फाउंडेशन अधिक न लगाकर उचित मात्रा में ही लगाएं। फाउंडेशन लगाने के बाद टिश्यू पेपर से उसे इकसार कर लें और थोड़ी देर सूखने दें। उसके बाद उस पर फेस पाउडर लगाएं। रात और दिन के हिसाब से फाउंडेशन का चयन करना उचित होता है। इसमें गोल्ड फाउंडेशन नाइट पार्टी के लिए सही होता है।

## फाउंडेशन का चुनाव

फाउंडेशन का मतलब सिर्फ त्वचा के रंग को बदलना ही नहीं होता, बल्कि त्वचा के निकटतम रंग से मैच करना होता है। इसलिए फाउंडेशन का चुनाव अपने चेहरे के रंग के अनुसार ही करें। इनका चुनाव आप अपनी स्किन को ध्यान में रखकर कर सकती हैं। बाजार में फाउंडेशन कई रूपों में उपलब्ध हैं, जैसे लिक्विड, क्रीम, स्टिक, पाउडर फॉर्म में। यदि कोई दुविधा हो, तो ब्यूटी एक्सपर्ट से पूछने में जरा भी न हिचकें। गर्मियों में पैनस्टिक या केक फाउंडेशन हार्ड हो जाते हैं। इस स्थिति में फाउंडेशन लगाने से पहले थोड़ा पानी मिलाएं।



## कैसे लगाएं

फाउंडेशन से न सिर्फ चेहरे को आकर्षक बनाया जाता है, बल्कि इससे चेहरे की बनावट में भी बदलाव लाया जा सकता है। मगर यह तभी संभव है, जब आप इसे लगाना जानती हों। फाउंडेशन सिर्फ चेहरे पर ही नहीं, बल्कि गर्दन और कान के हिस्से पर भी एकसार लगाएं। अगर चेहरा गोल हो, तो उस पर गहरे रंग का फाउंडेशन लगाएं। यदि फेस स्क्वायर या डायमंड शेप है, तो जबड़े और ठोड़ी पर गहरे रंग का फाउंडेशन तथा शेष चेहरे पर उससे हल्के रंग का फाउंडेशन लगाएं। यदि आंखों के नीचे की त्वचा का रंग हल्का है, तो यहां गहरे रंग का फाउंडेशन लगाना चाहिए। आंखों के नीचे काले निशान या झांइयां होने की स्थिति में वहां हल्के रंग का फाउंडेशन लगाएं। चौड़ी नाक को पतला दिखाना हो, तो बाकी चेहरे की तुलना में नाक के दोनों ओर गहरे रंग का फाउंडेशन लगाएं। अगर गालों की हड्डियां उभरी हुई हों, तो उसके नीचे गहरे रंग का फाउंडेशन लगाएं। फाउंडेशन लगाने के बाद चेहरे पर फेस-पाउडर लगाना चाहिए। पाउडर फाउंडेशन के शेड का अथवा उससे एक शेड हल्का लगाना चाहिए। फाउंडेशन की तरह ही फेस पाउडर अनेक रंगों में उपलब्ध है। इसलिए इसका चुनाव त्वचा के रंग और फाउंडेशन के शेड के अनुसार ही करें।



# नैचुरल है इसलिए खूबसूरत है

अगर बीते कुछ सालों की बात करें, तो स्वास्थ्य और सौंदर्य के क्षेत्र में हर्बल और ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रति लोगों का रुझान काफी बढ़ा है। इसका कारण भी साफ है, ऐसे प्रोडक्ट्स का त्वचा पर किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता। इसलिए यह स्किन फ्रेंडली भी है। एक सर्वे के अनुसार महिलाएं एक दिन में लगभग 12 तरह के कॉस्मेटिक्स यूज करती हैं, जिसमें लगभग 175 तरह के केमिकल होते हैं। इनके नियमित इस्तेमाल से त्वचा संबंधी कई समस्याएं होती हैं, क्योंकि जो भी कॉस्मेटिक्स हम इस्तेमाल करते हैं, उनमें से 68 फीसदी हिस्सा हमारी त्वचा सोख लेती है। ऐसे में साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए नैचुरल कॉस्मेटिक्स सबसे बेहतर विकल्प हैं। ये त्वचा की खूबसूरती को बढ़ाकर उसे जवां बनाए रखते हैं।

## क्या है आर्गेनिक प्रोडक्ट

नैचुरल अथवा ऑर्गेनिक कॉस्मेटिक्स उन्हें कहा जाता है, जिनके निर्माण में किसी भी तरह के केमिकल तत्व या गंध का उपयोग नहीं होता। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए इस तरह के कॉस्मेटिक्स सबसे बेहतर हैं। प्राकृतिक चीजों से बने होने के कारण ये कॉस्मेटिक्स प्राकृतिक गुणों और पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं।

## प्राकृतिक चमक खोने लगी है

उम्र बढ़ने के साथ ही त्वचा अपनी प्राकृतिक चमक खोने लगती है। ऐसे में प्राकृतिक उत्पाद त्वचा के प्राकृतिक तत्वों का क्षरण रोक त्वचा को चमकदार व लचीला बनाते हैं। ऐसे प्रोडक्ट से एलर्जी व रिएक्शन का खतरा कम होता है, क्योंकि प्राकृतिक उत्पादों से हमारी त्वचा और शरीर की केमिस्ट्री के बीच सामंजस्य बना रहता है।



# लंबी-लंबी बात स्किन न कर दे खराब

अनचाहे मुंहासों से आपके चेहरे की खूबसूरती छिन जाती है। यही नहीं, ये जाते-जाते आपके चेहरे पर हमेशा के लिए निशान भी छोड़ जाते हैं। नेहा भी पिछले काफी समय से मुंहासों से परेशान थी। औरों की तरह वो भी सजना-संवरना चाहती थी, मगर मुंहासों की वजह से शोभा ऐसा नहीं कर पाती थी। घरेलू दवा से जब कोई फायदा नहीं मिला, तो नेहा ने स्किन के डॉक्टर से संपर्क किया। तब नेहा को पता चला कि उसके मुंहासों की वजह हारमोनल डिस्बैलेंस या खानपान नहीं है, बल्कि सेलफोन है। बेशक यह चौंकाने वाली बात है। पर शोधों की मानें, तो सेलफोन के लगातार इस्तेमाल से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।

## कैसे करता है स्किन को डैमेज

मोबाइल से कृत्रिम इलैक्ट्रो-मैग्नेटिक तरंगें (एईडब्ल्यू) निकलती हैं, जिससे त्वचा के टिश्यू गर्म हो जाते हैं। फिनलैंड के एक अध्ययन के अनुसार इससे त्वचा के प्रोटीन की संरचना खराब हो जाती हैं। इसके चलते त्वचा पर झुर्रियां नजर आने लगती है। जिससे असमय अधिक उम्र भी दिखने का अंदेशा भी जताया जा रहा है।

## क्या है मोबाइल फोन डर्मेटाइटिस

सेलफोन के टचस्क्रीन और की-पैड में ढेर सारे बैक्टीरिया होते हैं, जो पहले आपकी अंगुलियों पर, फिर चेहरे पर आ जाते हैं। ये धूलकण त्वचा के रोम छिद्रों को जाम कर देते हैं, जिसकी वजह से त्वचा संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। हालांकि यह समस्या लंबे समय तक मोबाइल फोन पर लगे रहने के कारण ही उत्पन्न होती है। सेलफोन से होने वाली इस समस्या को 'मोबाइल फोन डर्मेटाइटिस' कहते हैं, जो मोबाइल फोन के हैंडसेट में मौजूद निकेल की प्रतिकूल प्रतिक्रिया का परिणाम है।

# खिचड़ी स्वाद भी, सेहत भी

**खिचड़ी शीघ्र पचने वाला खाना है। ज्यादातर खिचड़ी दाल चावल की बनाई जाती है। लेकिन अगर इस खिचड़ी में सब्जियां डालकर बनाएं, तो यह खिचड़ी बड़ी ही जायकेदार हो जाती है और यह पहले से अधिक पौष्टिक भी हो जाती है। बनाना भी बहुत ही आसान। स्वादिष्ट भी और स्वास्थ्यवर्धक भी। तो आइये क्यों न आज तरह-तरह की खिचड़ी बनायें।**



### साबूदाना खिचड़ी

#### सामग्री

साबूदाना - 150 ग्राम, तेल या घी - 1I5 टेबल स्पून, हींग - 1 पिंच, जीरा - आधा छोटी चम्मच, हरी मिर्च - 2 ( बारीक कतरी हुई), मूंगफली के दाने - 1 टेबल स्पून,पनीर - 70 ग्राम (यदि आप चाहें), आलू - 1 मीडियम आकार का, अदरक - 1 इंच का टुकड़ा (कद्दूकस किया हुआ), नमक - स्वादानुसार,कसा हुआ नारियल - 1 टेबल स्पून (यदि आप चाहें), हरा धनियां - 1 टेबल स्पून (बारीक कतरा हुआ)

#### बनाने की विधि

साबूदाने को धो कर, 1 घंटे के लिये पानी में भीगने दीजिये। भीगने के बाद अतिरिक्त पानी निकाल दीजिये। यदि आप बड़े साबूदाना प्रयोग कर रहे हैं तो इसे 1 घंटा भिगोने के बजाय लगभग 8 घंटे भिगोये रखें।आलू को छील कर धोइये और छोटे छोटे क्यूब्स में काट लीजिये। पनीर को भी छोटे छोटे क्यूब्स में काट लीजिये। भारी तले की कढ़ाई में घी डाल कर गरम कीजिये। आलू के क्यूब्स गरम घी में डाल कर हल्के ब्राउन होने तक तल कर निकाल कर प्लेट में रख लीजिये। आलू के क्यूब्स तलने के बाद पनीर के क्यूब्स डाल कर हल्के ब्राउन तल कर उसी प्लेट में निकाल कर रखिये। मूंगफली के दाने को मोटा चूरा कर लीजिये इसे दरेरा करें एकदम बारीक चूरा न करें बचे हुये गरम घी में हींग और जीरा डाल दीजिये। जीरा भुनने के बाद, हरी मिर्च और अदरक डाल दीजिये, और चमचे से मसाले को चलाइये, इस मसाले मे मुंगफली का चूरा डाल कर एक मिनिट तक भूनिये। अब साबूदाना, नमक और काली मिर्च डाल कर अच्छी तरह 2 मिनिट चमचे से चला कर भूनिये। 2 टेबल स्पून पानी डाल कर धीमी गैस पर 7-8 मिनिट तक पकाइये, ढक्कन खोलिये और देखिये कि साबूदाने नरम हो गये है। यदि नहीं हुये हैं, और आपको महसूस हो कि अभी साबूदाने पकने के लिए और पानी चाहिये, तब 1 या 2 टेबल स्पून पानी डाल कर 4-5 मिनिट धीमी गैस पर और पकने दीजिये। आलू और पनीर के क्यूब्स मिला दीजिये। और चलाकर कढ़ाई को गैस से उतार लीजिये साबूदाना की खिचड़ी को प्याले या प्लेट में निकालिये। हरा धनियां नारियल ऊपर से डाल कर सजाइये।





### वेजिटेविल खिचड़ी

#### सामग्री

चावल - एक कटोरी, मूंग की दाल - आधा कटोरी, आलू - 2 ( छोटे टुकड़ों में कटे हुये ), शिमला मिर्च - 1 ( छोटे टुकड़ों में कटे हुये ), मटर - आधा कटोरी ( छिली हुई ), हरी मिर्च - 2 ( बारीक कटी हुई ), अदरक - 1 इंच लम्बा टुकड़ा ( कद्दू कस कर लें ), देशी घी - 1 या 2 ( बड़े चम्मच, आपकी इच्छा के अनुसार ), हींग - 1-2 पिंच, जीरा - आधा छोटा चम्मच, काली मिर्च - 4-6 (दरदरी कूट लीजिये), लोंग - 4 (दरदरी कूट लीजिये), हल्दी - 1/6, छोटी चम्मच, नमक - स्वादानुसार, हरा धनियां - एक टेबिल स्पून ( कटा हुआ )

#### बनाने की विधि

चावल ओर दाल को साफ करें, और अच्छी तरह धो कर, 1 घंटे के लिये पानी में भिगो दें। सभी सब्जियां धो कर काट ली गयी हैं। कुकर में घी डाल कर गरम करें। अब गरम घी में हींग और जीरा डाल दीजिये। जीरा ब्राउन होने के बाद, काली मिर्च, लोंग, हल्दी पाउडर, हरी मिर्च, अदरक डाल दें। 3-4 बार चमचे से चलायें, अब इस मसाले में सारी सब्जियाँ डाल दीजिये। सब्जियों को 2-3 मिनिट चमचे से चला चला कर भूनिये। अब दाल और चावल डाल दें। 2-3 मिनट तक चमचे से चलाते हुये भूनें। जिस कटोरी से आपने दाल चावल नापे हैं, उसी से नाप कर पांच गुना पानी डाल दीजिये। ( दाल चावल 1 1/2 कटोरी है, तो पानी 7 1/2 कटोरी डाल दीजिये ) साथ ही स्वादानुसार नमक भी डाल दीजिये। कुकर बन्द कर दीजिये। जैसे ही एक सीटी आये, तुरन्त गैस बन्द कर दीजिये। कुकर की सीटी चमचे की सहायता से ऊपर करके, कुकर का प्रेसर आधा निकाल दीजिये। 4 - 5 मिनिट बाद जब कुकर का प्रेशर खतम हो जाय, कुकर खोलिये। आपकी वेजिटेविल खिचड़ी तैयार हो चुकी है। खिचड़ी को बड़े बाउल में निकाल लें। हरा धनियां ऊपर से डालकर सजायें। गरमा गरम वेज खिचड़ी में मक्खन डाल कर परोसे और साथ में दही, अचार या हरे धनिये की चटनी भी रखें।



### रवा खिचड़ी

#### सामग्री

250 ग्राम रवा (सूजी), 1 गाजर, 30 ग्राम फलिया, 50 ग्राम मटर, घी, 1 प्याज, 1 टमाटर, 1 नींबू का रस, नमक स्वादानुसार, 5 हरी मिर्च, 5 ग्राम अदरक, 1 टी स्पून जीरा, 2 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1/2 कप हरा धनिया, 1 टी स्पून सरसों के दाने, 10 ग्राम उड़द और चने की दाल।

कितने लोगों के लिए : 5

#### बनाने की विधि

एक पैन में तेल गरम करें जब तेल गरम हो जाए तो उसमें सरसों के दाने उड़द और चने की दाल डालकर फ्राई करें। जब दाल ब्राउन हो जाए तो उसमें बारीक कटा अदरक, जीरा और करी पत्ता डाल दें। अब इसमें प्याज, हरी मिर्च डाल दें जब प्याज और हरी मिर्च ब्राउन हो जाए तो इसमें टमाटर भी डाल दें। अब इसमें कटी हुई सब्जी डालकर फ्राई करें। रवा भी डाल दें और अच्छी तरह भून लें। नमक और 2 कप गरम पानी डालकर ढक्कन लगाकर पकने दें। 3 मिनट बाद ढक्कन हटाकर चलाये, घी, नींबू का रस और बारीक कटा हरा धनिया डालकर गरमागरम रवा खिचड़ी सर्व करें।



### नमकीन खिचड़ी

#### सामग्री

एक कटोरी सादे चावल, पाव कटोरी मूँग मोगर, 1 बड़ा चम्मच घी, 2-3 हरी मिर्च बारीक कटी, करी पत्ता 4-5, नमक स्वादानुसार,

#### बनाने की विधि

सर्व प्रथम चावल व मूंग मोगर को साफ करके 3-4 पानी से अच्छी तरह धोकर बनाने के आधे घंटे पूर्व तैयार कर लें। अब प्रेशर कुकर में दाल-चावल और आवश्यकतानुसार पानी डालें तथा नमक डालकर कुकर को बंद करके दो सिटी ले लें। कुकर ठंडा होने के पश?चात एक कटोरी में घी गरम करके जीरे का बघार लगाकर ऊपर से कटी हरी मिर्च और मीठा नीम डालकर तैयार खिचड़ी में बघार डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस तैयार खिचड़ी को मकर संक्राति के दिन खुद भी खाएं और घर आए मेहमानों को भी खिलाएं।

# भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने मेहमान टीम बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपना शिकंजा कसा दिया है। यशस्वी जायसवाल 72 और केएल राहुल 68 के अर्धशतकों से भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 285 रनों पर घोषित कर दी। इस दौरान भारतीय टीम ने सबसे तेज 200 रन का रिकॉर्ड भी बनाया।वहीं इससे पहले मोमिनुल हक की शतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 233 रन बनाए थे। मोमिनुल ने 194 गेंदों पर 17 चौकों और एक छक्के की मदद से 107 रन की पारी खेली। वहीं भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज, अश्विन और आकाशदीप ने 2-2 विकेट लिए जबकि एक विकेट रविंद्र जडेजा के नाम रहा। भारतीय टीम ने इस मैच में पहली पारी के आधार पर 52 रनों की बढ़त ले ली है। वहीं दिन का खेल समाप्त होने के समय तक बांग्लादेश ने अपनी दूसरी दूसरी पारी में 26 रन पर ही दो विकेट खो दिये थे। स्टंप्स के समय शादमान इस्लाम सात रन वहीं मोमिनुल शून्य पर खेल रहे थे। भारत के लिए दोनों विकेट आर अश्विन ने लिए। अब केवल एक दिन का खेल बचा है और भारतीय टीम की नजरें मेहमान टीम को जल्द से जल्द आउट करने पर रहेगी। दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश में धुलने के बाद लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ होना तय है पर जिस प्रकार भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने खेला उससे भारतीय टीम ने मैच पर पकड़ बना ली है।

अश्विन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को दूसरी पारी में पहला झटका दिया। अश्विन ने जाकिर हसन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। जाकिर ने अपंयार के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया, लेकिन उनका रिव्यू बेकार गया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। जाकिर 10 रन बनाकर आउट हुए।

भारत की ओर से पहली पारी में यशस्वी ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए। उन्होंने 51 गेंद में 12 चौके और दो छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने 11 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 23 रन बनाए जबकि शुभमन गिल ने 36 गेंद में 29 रन, ऋषभ पंत ने 11 गेंद में नौ रन, विराट कोहली ने 35 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए। केएल राहुल ने 43 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 68 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने आठ रन, रविचंद्रन अश्विन ने एक रन और आकाश दीप ने 12 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं, हसन महमूद को एक विकेट मिला।



# जडेजा ने बनाया रिकार्ड



**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कए अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। जडेजा मैच के चौथे दिन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 300 विकेट और 3000 रन बनाने वाले एशियाई क्रिकेटर बन गए। जडेजा ने जैसे ही बांग्लादेश के बल्लेबाज खालिद अहमद को अपनी ही गेंद पर कैच किया उनके 300 विकेट पूरे हो गये। इससे पहले उनके नाम 299 विकेट थे।

जडेजा ने 73 मैचों में 299 विकेट लिए थे। उन्होंने 13 बार 5 विकेट भी लिए हैं जबकि दो बार मैच में 10 विकेट लिए थे। टेस्ट की एक पारी में उनके नाम 13 बार चार विकेट का रिकार्ड है। वहीं जडेजा कुल मिलाकर देखा जाये तो सबसे तेजी से ये आंकड़ा हासिल करने वाले विश्व के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउडर इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैचों में 300 विकेट और 3000 रन पूरे किए थे।

## नीता अंबानी ने ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान किया



**मुंबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने यहां एक समारोह में ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नीता के घर पर आयोजित समारोह में करीब 140 एथलीटों के अलावा कोच और खेल जगत से जुड़ी कई अन्य हस्तियां भी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहली बार, 140 ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीट एक ही मंच पर एक एकसाथ नजर आये हैं जिसे देखकर खुशी हुई है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में ऐतिहासिक है, पिछले दो महीनों में, हमारे ओलंपियन और पैरालिंपियन शानदार प्रदर्शन कर गर्व से तिरंगा लेकर दुनिया के सामने आए हैं। आज रात, पहली बार, वे सभी एक ही छत के नीचे एकसाथ बैठे हैं। ये जीत और सफलता में एकजुटता की भावना दिखाता है। उन्होंने भारत की महिला एथलीटों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा, उनकी सफलताएं और भी अहम हैं क्योंकि पेशेवर खेलों को आगे बढ़ाने में महिलाओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें केवल आर्थिक चुनौतियां ही नहीं, यहां तक कि अपने परिवारों से अनुमति प्राप्त करना, या प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं ढूंढ़ना, फिजियो और पुनर्वास केंद्रों तक पहुंचना, या बस कोच तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने गांवों से काफी दूर तक की यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में लड़कियों के लिए खेलों में पहचान बनाना एक लंबी और कठिन यात्रा है। इतनी बाधाओं के बाद भी हमारी महिला एथलीटों ने सफल होकर अपने को साबित किया है।

# कोहली ने तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, सबसे तेज 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले क्रिकेटर बने

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन का आंकड़ा पार करने वाले सबसे तेज क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने सोमवार को कानपुर में धूप वाले दिन शानदार अंदाज में यह उपलब्धि हासिल करते हुए 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

कोहली ने यह उपलब्धि 594 पारियों में हासिल की, जो क्रिकेट के भगवान से 29 पारियां कम है। अपने शानदार करियर के दौरान सचिन ने 623 पारियों में 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए थे। श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा ने 648 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। ऑस्ट्रेलिया के मशहूर कप्तान रिकी पोंटिंग ने 650 पारियों में 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए थे।



कोहली ने अपने सहज ड्राइव और आकर्षक स्ट्रोक खेलना जारी रखा, ऐसा लग रहा था कि वह क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहेंगे। लेकिन शाकिब अल हसन की नीची गेंद पर कोहली आउट हुए। ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद कोहली 47(35) रन बनाकर वापस लौटे। कोहली के नाम अब 27,012 अंतरराष्ट्रीय रन हैं, जो क्रिकेट के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे तेज रन हैं।

## बूमराह की गेंद पर बोल्ड हुए मुशफिकुर

कानपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश के खिलाफ यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम को साफ बोल्ड कर दिया। बुमराह की यह गेंद इतनी कठिन थी कि मुशफिकुर हिल भी नहीं पाये और और उनका विकेट निकल गया। इस तरह भारतीय टीम को पारी का चौथा विकेट मिला। मुशफिकुर को लगा कि गेंद पैड के करीब से निकल जाएगा पर ऐसा नहीं हुआ और वह सीधे विकेटों पर जा लगी। इस मैच में पहले दिन केवल 35 ओवर हुए थे जबकि दूसरे और तीसरे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हुआ। वही चौथे दिन बांग्लादेश ने 107 रनों से अपनी पारी को आगे बढाया पर पहले ही सेशन में बुमराह ने विकेट लेकर भारतीय टीम इंडिया को पहली सफलता दिलायी। इससे पहले टीम इंडिया के लिए आकाश दीप सिंह ने दो और आर अश्विन ने एक विकेट लिया था।



## रोहित ने पकड़ा लिटन का असंभव सा कैच, खिलाड़ियों के साथ ही दर्शक भी हुए हैरान

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन मैच शुरु होने पर प्रशंसकों ने राहत की सांस ली क्योंकि पिछले दो दिनों से बारिश होने के कारण मैच नहीं हो पाया था। खेल शुरु होने पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक ऐसा असंभव सा कैच पकड़ा जिसे देखकर खिलाड़ी और दर्शकक सभी हैरान हो गये। रोहित ने बांग्लादेशी बल्लेबाज लिटन दास का कैच मोहम्मद सिराज की गेंद पर एक हाथ से ही लपक लिया। लिटन ने मो सिराज की गेंद पर एक तेज शॉट लगाया पर रोहित ने तेजी दिखाते हुए हवा में उछलकर एक हाथ से ही कैच पकड़ लिया। बांग्लादेश की पारी के 50वां ओवर में लिटन ने ये आक्रामक शॉट खेला था। वह इस गेंद पर एक बड़ा शॉट खेलकर चौका या छक्का लगाना चाहते थे पर रोहित ने खेल बिगाड़ दिया। जैसे ही शॉट लगा रोहित ने हवा में पीछे की तरफ उंची छलांग लगा दी। उन्होंने एक हाथ से ही गेंद पकड़ ली। इससे बल्लेबाज लिटन सहित स्टेडिमय में बैठे लोग भी समझ ही नहीं पाये कि असंभव सा कैच कैसे हो गया।



## ऑस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिए चतुर बनना होगा : बुमराह



कानपुर। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घरेलू श्रृंखला में अपना कार्यभार धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में काफी गेंदबाजी करनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। बुमराह ने चौथे दिन के खेल से पहले कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिए चतुर बनना होगा। इसलिए यहां कुछ ओवर अधिक मिलना अच्छा है क्योंकि वहां काफी गेंदबाजी करनी होगी।' कानपुर टेस्ट में गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। बुमराह ने कहा, 'मौसम हमारे हाथ में नहीं है लेकिन कुछ समय आराम मिलना भी अच्छा रहा। यहां के बाद चेन्नई के हालात में तुरंत ढलना होगा।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। बुमराह ने कहा, 'मेरा पसंदीदा प्रारूप टेस्ट है। मैं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।'

# 'गेंदबाजों ने परिस्थितियों का अच्छे से आकलन किया', इंग्लैंड पर जीत के बाद बोले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श

**ब्रिस्टल (यूके) (एजेंसी)।** पांचवें वनडे के साथ इंग्लैंड पर सीरीज जीतने पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन किया और इंग्लिश टॉप ऑर्डर की शानदार शुरुआत के बाद मैच में वापसी की।

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों, खासकर ट्रैविस हेड की शानदार गेंदबाजी और मैथ्यू शॉर्ट के शानदार अर्धशतक की बदौलत विश्व चैंपियन टीम ने सोमवार को पांचवें और अंतिम वनडे में डकवर्थ लुईस पद्धति के जरिए इंग्लैंड पर 49 रन से जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली।


मार्श ने मैच के बाद कहा, 'वे (इंग्लैंड) बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे थे। लेकिन हमारे गेंदबाजों ने परिस्थितियों का अच्छे से आकलन किया, वापसी करने के लिए उनका प्रयास शानदार रहा।' उन्होंने यह भी कहा कि टीम को बल्लेबाजों को चुनौती देने और उन्हें परेशान करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्पों की आवश्यकता है और 12 दिनों के भीतर पांच वनडे में प्रतिस्पर्धा करना एक चुनौती थी।




उन्होंने कहा, 'हमारे पास कुछ अनुभवी क्रिकेटर थे, जिन्होंने नेतृत्व किया। हमारे पास बहुत कुछ है, उन ट्रॉफियों को जीतना मुश्किल है। हम कुछ महीनों में पाकिस्तान का सामना करने के लिए उत्सुक हैं। हमने युवा खिलाड़ियों पर जोर दिया है, हमारे पास भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने के लिए कई खिलाड़ी हैं।'

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले कप्तान बने हैरी ब्रूक, विराट का रिकार्ड तोड़ा

ब्रिस्टल। इंग्लैंड की कप्तान कर रहे युवा हैरी ब्रूक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दूसरे मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। अब हैरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बना गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था। हैरी ने पांच मैचों में 78.00 की औसत से 312 रन बनाए जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है। इस सीरीज में हैरी का स्ट्राइक रेट 127.86 रहा। पांच मैचों की इस सीरीज के साथ ही अब हैरी ने 20 एकदिवसीय में 39.94 की औसत से 719 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और पांच अर्द्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 106.73 है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक रन विराट ने साल 2019 में 62.00 की औसत से 310 रन बनाए थे जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 107.63 था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 123 रन था। इस सीरीज में विराट ने दो शतक भी थे। इसके अलावा ब्रूक अब कप्तान के रूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय में सबसे अधिक बार लगातार 50 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गये हैं। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व कपतान इमरान खान, इंजमाम उल हक और बाबर आजम के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन की भी बराबरी पर ली है।



# यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट में लगाया तूफानी अर्धशतक, वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड टूटा

**कानपुर (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान कानपुर के ग्रीन पार्क में एक के बाद एक रिकॉर्ड बने और इस दौरान यशस्वी जायसवाल ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। जायसवाल ने भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के मामले में भारत के प्रतिष्ठित सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' अवधारणा को अपना रूप दिया और शुरुआत से ही बांग्लादेश के गेंदबाजों पर हमला बोला। रोहित ने जहां पूरी आक्रामकता दिखाई, वहीं जायसवाल ने खुद को नियंत्रित तरीके से पेश किया। पहले तीन ओवरों में रोहित और जायसवाल ने विपक्षी टीम को फील्डरों को बाउंड्री पर बाउंड्री लगाई। जायसवाल ने महज 31 गेंदों का सामना करने के बाद तेज-तर्रार अर्धशतक का जश्न मनाया। उन्होंने सहवाग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2008 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 32 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज अब टेस्ट क्रिकेट में अर्धशतक बनाने वाले चौथे सबसे तेज भारतीय खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत (28 गेंद) अभी भी टेस्ट प्रारूप में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने पास रखे हुए हैं। उन्होंने 2022 में बेंगलुरु में बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के खिलाफ पूरी ताकत झोंक दी और रिकॉर्ड बनाया। पंत ने महान ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ा था जिनके नाम 1982 से यह रिकॉर्ड था। उन्होंने कराची में भारत के कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 50 रन का आंकड़ा छूने के लिए सिर्फ 30 गेंदें खेली थी।

जायसवाल की तेज पारी का अंत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद के हाथों हुआ। अंदर की ओर झुकी हुई गेंद जायसवाल के बल्ले से टकराकर निकल गई, जिससे उन्हें 72 (51) के स्कोर पर डगआउट लौटना पड़ा। भारत ने 285/9 पर पारी घोषित की जिससे वे टेस्ट पारी में सबसे तेज 50, 100 और 200 रन बनाने वाली टीम बन गई। बांग्लादेश ने चौथे दिन कुछ देर बल्लेबाजी की और 26/2 का स्कोर बनाते हुए अभी 26 रन से पीछे है।



## टी20 महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की तैयारियों पर बोले लक्ष्मण, सिर्फ नेट्स अभ्यास नहीं था, मैच भी खेले

बेंगलुरू। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी20 महिला विश्व कप से पहले यहां सेंटर आफ एक्सीलेंस में लगाये गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस में पत्रकारों से कहा, 'उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग-अलग तरह की चुनौतियां दी।' लक्ष्मण ने कहा कि भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैंने भारतीय युवा लड़कियों और अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है। डब्ल्यूपीएल काफी अच्छी पहल है। इससे आईपीएल की ही तरह घरेलू क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने का मंच मिला है।'



# सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे, इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में खेलेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे। वह इस साल के अंत में तीन स्थानों पर आयोजित होने वाली छह टीमों की टी20 प्रतियोगिता इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले संस्करण में खेलते नजर आएंगे। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी भाग लेंगे और यह मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेला जाएगा।

हर साल आयोजित होने वाला यह टी20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के दिमाग की उपज है, जो लीग कमिश्नर भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स मार्केटिंग कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी टीम के स्वामित्व के माध्यम से लीग में भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी रुचि व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

तेंदुलकर ने कहा, 'पिछले दशक में टी20 क्रिकेट ने तेजी से लोकप्रियता हासिल की है और इस खेल में नए प्रशंसक जुड़े हैं। अब हर उम्र के प्रशंसकों में पुराने खिलाड़ियों को नए प्रारूपों में फिर से देखने की तीव्र इच्छा है। खिलाड़ी कभी भी दिल से रिटायर नहीं होते हैं और उनके अंदर की प्रतिस्पर्धी भावना मैदान पर वापस आने के अवसर की प्रतीक्षा करती है। हमने जुनूनी प्रशंसकों और प्रतिस्पर्धी क्रिकेटरों के मिलन स्थल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग की कल्पना की है।' गावस्कर ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग प्रशंसकों को उन दिग्गजों के करीब लाएगी जिनकी वे वर्षों से प्रशंसा करते रहे हैं, जिससे उन्हें अपने नायकों को एक्शन में लाइव देखने का एक और सुनहरा मौका मिलेगा।



## टैफे ने किया भारत में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड के वैध स्वामित्व का दावा, एजीसीओ के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की

**भोपाल** : 1960 में अपनी स्थापना के बाद से, टैफे ने मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड का उत्पादन, निर्माण और पोषण किया है और अपनी मजबूत स्वदेशी आर एंड डी तथा गुणवत्ता नियंत्रण के बल पर भारत में 500 से अधिक मॉडलों का एक विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो प्रस्तुत करता है। टैफे भारत में प्रति वर्ष 180,000 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ 100,000 से अधिक मैसी फर्ग्यूसन का उत्पादन करता है एवं इस सेवा के माध्यम से लगभग 3 मिलियन संतुष्ट ग्राहकों का आधार बनाया है। टैफे और मैसी फर्ग्यूसन भारत में पर्यायनामी हैं। टैफे भारत में ट्रैक्टरों का दूसरा और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसने भारत और 80 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में किसानों का विश्वास जीतते हुए विश्वसनीय गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 2,000 से अधिक डीलरों का एक मजबूत वितरण नेटवर्क, टैफे के चार प्रतिष्ठित ट्रैक्टर ब्रांडों – मैसी फर्ग्यूसन, टैफे, आयशर ट्रैक्टर्स और आईएमटी का प्रभावी ढंग से समर्थन करता है। टैफे 80 से अधिक देशों में ट्रैक्टरों का निर्यात करता है। टैफे को अपने ग्राहकों, उद्योग निकायों, मीडिया और सरकारों से प्रदर्शन और कंपोनेंट्स की आपूर्ति के लिए असंख्य प्रशंसाएं मिली हैं एवं गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। टैफे के उत्पादों की डिजाइन भारत–केंद्रित हैं, जो एजीसीओ के उत्पादों से बिल्कुल अलग हैं एवं भारत और दुनिया भर के लघु एवं मध्यम किसानों के लिए उत्तम हैं। 1960 में मैसी फर्ग्यूसन इंडिया के अधिग्रहण के पश्चात पूरा क्षेत्र टैफे के अधीन आने के बाद एजीसीओ की वैश्विक ब्रांड वेबसाइट ने ऐतिहासिक रूप से छह दशकों से भारत, नेपाल और भूटान के सन्दर्भ में मैसी फर्ग्यूसन का कोई उल्लेख नहीं किया है। टैफे ने 2012 में एजीसीओ कॉपोरेशन में शेयरधारिता हासिल की और इसका सबसे बड़ा शेयरधारक और रणनीतिक दीर्घकालिक निवेशक बन गया। इससे कंपनियों के बीच सहयोगात्मक संबंध मजबूत हुए तथा टैफे और एजीसीओ ने समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे एजीसीओ को एक दशक से अधिक समय के लिए निरंतर समर्थन का आश्वासन मिला। जैसे–जैसे टैफे का रणनीतिक प्रभाव बढ़ता गया, एजीसीओ अपने समक्ष बारम्बार खड़े होने वाले मुद्दों को हल करने के बजाय, जिसमें एजीसीओ के कॉपोरेट प्रशासन की खामियां, शेयरधारकों के साथ पूरी तरह से अपर्याप्त जुड़ाव और प्रमुख क्षेत्रों में वित्तीय तथा परिचालन प्रदर्शन संबंधी मुद्दें शामिल थे।

**जम्मू–कश्मीर विधानसभा की 40 सीटों के लिए मतदान आज... 415 कैंडिडेट्स**

# जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी

**लखनऊ। (एजेंसी)**।श्रीनगर, 30 सितंबर (वेब वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

तीसरे चरण में 40 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जिनमें से 16 कश्मीर घाटी में और 24 जम्मू में हैं। ये विधानसभा क्षेत्र सात जिलों कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, उधमपुर, कठुआ, सांबा और जम्मू में फैले हैं।

जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

चुनाव के तीसरे चरण में न केवल 415 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा, बल्कि यह भी पता चलेगा कि जम्मू-कश्मीर में 08 अक्टूबर को कौन सी पार्टी अगली सरकार बना सकती है। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा।

चुनाव आयोग के मुताबिक 40 विधानसभा सीटों पर 39.18 लाख मतदाता पंजीकृत हैं तथा 5060 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं।

तीसरे चरण में 25 पूर्व मंत्री और विधायकों समेत कई नामचीन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में छंब विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता तारा चंद, बारामूला से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के बशारत बुखारी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी रमजान, भारतीय जनता पार्टी के शाम लाल शर्मा और देवेंद्र सिंह राणा तथा कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह और उस्मान मजीद शामिल हैं।

कश्मीर में सबकी निगाहें अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) पर होंगी, जिसका नेतृत्व सांसद अब्दुल रशीद शेख कर रहे हैं, जिन्हें इंजीनियर रशीद के नाम से जाना जाता है। उन्हें अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा किया गया था और उन्होंने विधानसभा चुनावों के लिए जमकर प्रचार किया है।

जम्मू जिले में चुनावी मैदान में 109 उम्मीदवार हैं, इसके बाद बारामूला में 101, कुपवाड़ा में 59, बांदीपोरा में 42, उधमपुर में 37, कठुआ में 35 और सांबा में 32 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

जम्मू संभाग के उधमपुर जिले के उधमपुर पश्चिम में 12 उम्मीदवार, 60-उधमपुर पूर्व में 09, चेनानी में 09, जबकि रामनगर में 07 उम्मीदवार मैदान में हैं। कठुआ जिले के बनी में 08 उम्मीदवार, बिलावर में 04, बसोहली में 04, जसरोटा में 08, कठुआ में 05 और हीरानगर विधानसभा क्षेत्रों में 06 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। सांबा जिले के रामगढ़ में 07 उम्मीदवार रह गए हैं, सांबा में 14 और विजयपुर में 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। जम्मू जिले के बिश्नाह में 09 उम्मीदवार, सुचेतगढ़ में 11, आर.एस. पुरा-जम्मू दक्षिण, बाहु में 12, जम्मू पूर्व में 09, नगरोटा में 08, जम्मू पश्चिम में 12, जम्मू उत्तर में 17, मढ़ में 06, अखनूर में 03 और छंब विधानसभा क्षेत्र में 08 उम्मीदवार हैं।

इसी तरह कश्मीर संभाग के कुपवाड़ा जिले के करनाह में चुनाव के लिए 08 उम्मीदवार, त्रेहगाम में 10, कुपवाड़ा में 08, लोलाब में 11, हंदवाड़ा में 07, और लंगेट में 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। बारामूला जिले के सोपोर में 20 उम्मीदवार, रफियाबाद में 12, उरी में 06 बारामूलामें 25,



गुलमर्ग में 13, वागूरा-क्रीरी में 12, और 13-पट्टन विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। बांदीपोरा जिले के सोनावारी में 18 उम्मीदवार, बांदीपोरा में 19 और गुरेज में 05 उम्मीदवार मैदान में हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश में पहले और दूसरे दौर का चुनाव क्रमशः 18 और 25 सितंबर को हुआ है। चुनाव परिणाम आठ अक्टूबर को आएंगे।

## मिथुन चक्रवर्ती को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड, 8 अक्टूबर को मिलेगा सम्मान

नई दिल्ली। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवॉर्ड उन्हें भारतीय सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ट्वीट कर जानाकरी साझा की है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, कि मिथुन दा की उल्लेखनीय फिल्मी जर्नी कई जनरेशन को इंस्पायर करती है! अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि दादासाहब फाल्के चयनकर्ता जूरी ने अपने जमाने के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके प्रतिष्ठित योगदान के लिए यह पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।



यह अवॉर्ड 8 अक्टूबर को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। मिथुन चक्रवर्ती ने अपने फिल्मी केरियर की शुरुआत 1976 में आई फिल्म 'मृगया' से की थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। इसके बाद उन्होंने हिंदी, तमिल और बंगाली भाषाओं को मिलाकर कुल 350 फिल्मों में काम किया है। 1982 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'डिस्को डांसर' ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दिया था। इसी के साथ वो युवाओं के दिलों की धड़कन बन गए और इस फिल्म ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। केरियर की शुरुआत में उन्होंने छोटे रोल्स किए, फिल्म दो अंजाने, फूल खिले हैं गुलशन गुलशन ऐसी ही फिल्में थीं, जिसमें मिथुन दा कम स्क्रीन स्पेस में काम करते दिखे थे। फिर 1979 में आई लो बजट फिल्म सुरक्षा ने उन्हें एक नई पहचान दिलाने में मदद की। इसके बाद प्रेम विवाह में अहम भूमिका निभाई, हमसे बढ़कर कौन, शानदार, त्रिनेत्र, अग्निपथ, हम से है जमाना, तहादेर कथा, स्वामी विवेकानंद, जोर लगा के...हैय्या, वो जो हसीना, ऐलान, चल चलें, डिस्को डांसर, टैक्सी चोर, द कश्मीर फाइल्स जैसी अनेक हिट फिल्में दीं।

## नसरल्लाह की मौत पर लखनऊ में हजारों शिया सड़कों पर उतरे, जताया शोक

**लखनऊ (एजेंसी)**। हिज़्बुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद लखनऊ में शिया समुदाय में गहरा शोक है। जैसे ही यह खबर सामने आई तो लखनऊ में आधी रात को करीब दस हजार से ज्यादा लोग सड़कों पर उतर आए और मातम करना शुरू कर दिया। शिया धर्मगुरुओं ने नसरल्लाह की मौत पर तीन दिन का शोक मानने का ऐलान किया है।

लखनऊ के पुराने शहर में हजारों लोग रात में इकट्ठा हुए और मातमी जुलूस निकाला। लोग हाथों में काले झंडे और बैनर लिए नजर आए। धार्मिक नारों के साथ शांति की अपील भी की गई। यह दृश्य न सिर्फ शिया समुदाय की भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठे भावनात्मक माहौल का एक उदाहरण है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



नसरल्लाह की मौत की पुष्टि हिज़्बुल्लाह ने शनिवार को की थी जब इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया कि उन्होंने हिज़्बुल्लाह चीफ को मार दिया है। नसरल्लाह 1982 में लेबनान पर इजरायली आक्रमण के बाद हिज़्बुल्लाह की स्थापना के समय से संगठन के साथ जुड़े हुए थे और 1992 में नसरल्लाह इसके नेता के रूप में कार्यभार संभाला। उनके नेतृत्व में हिज़्बुल्लाह ने अपनी सैन्य क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया और ईरान के साथ मजबूत गठबंधन बनाए रखा। नसरल्लाह का मारा जाना हिज़्बुल्लाह के लिए बड़ा झटका है, जिसने न सिर्फ संगठन के नियंत्रण को प्रभावित किया है, बल्कि उसके भविष्य की रणनीतियों पर भी गहरा असर डाला है।

# बिहार में बाढ़ के चलते कई जिलों में मची तबाही, करीब 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित

**पटना (एजेंसी)**। बिहार में बाढ़ के चलते कई जिलों में तबाही मची है. राज्य के 16 जिलों में बाढ़ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. बाढ़ के चलते करीब 16 लाख से अधिक लोगों के प्रभावित होने की खबर है. उधर कई स्थानों पर नदियों के तटबंध टूट गए हैं. राज्य जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) की ओर से बताया गया है कि बागमती नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि और पानी के बढ़ते दबाव से सीतामढ़ी जिले के बेलसंड, परसौनी, बरगैनिया और रसलपुर प्रखंडों तथा शिवहर जिले के पिपराही, पुरनहिया और शिवहर प्रखंडों में बागमती नदी के बाएं और दाएं तटबंध पर कई जगह रिसाव की सूचना के बाद तत्काल दुरूस्त किया गया है. तटबंध क्षतिग्रस्त होने, कार्य में लापरवाही बरतने एवं जिला प्रशासन से उचित समन्वय न रखने के आरोप में बगहा के कार्यपालक अभियंता (बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल) निशिकांत कुमार को निलंबित कर दिया है. सीतामढ़ी जिले के मधकौल गांव में बागमती नदी के तटबंध में जहां दरार की खबर आई, वहीं पश्चिमी चंपारण में गंडक नदी पर पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बगहा-1 प्रखंड में नदी के बाएं किनारे पर स्थित तटबंध रविवार शाम 4.50 बजे क्षतिग्रस्त हो गया. इससे बाढ़ का पानी पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में भी घुस गया. इससे वहां के वन्यजीवों को खतरा उत्पन्न हो गया है. राज्य जल संसाधन विभाग की ओर से कहा गया है कि बिहार की अन्य नदियों में भी इस साल का अधिकतम जलस्तर दर्ज किया गया. कमला बलान नदी के झंझारपुर मापक स्थल पर जलस्तर 52.10 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से 2.10 मीटर अधिक है. ललबेकिया नदी के गोवाबाड़ी मापक स्थल पर जलस्तर 72.70 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से 1.55 मीटर अधिक है. जल संसाधन विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, महानंदा नदी के तैयबपुर एवं ढेंगराघाट मापक स्थलों पर क्रमशः 66.81 मीटर एवं 37.22 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से क्रमशः 0.81 मीटर एवं 1.57 मीटर अधिक है. कमला बलान, ललबेकिया एवं महानंदा नदी के तटबंध एवं संरचनाएं सुरक्षित है. बताया गया है कि छोटी नदियों में जलस्तर में कमी आई है लेकिन कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और करीब 16 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. हालांकि बाढ़ के चलते अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है. उधर नेपाल के तराई क्षेत्रों में हुई बारिश से मुजफ्फरपुर की नदियों में जलस्तर बढ़ गया है. कई इलाकों में पानी घुस गया है. बाढ़ के जैसे हालात हैं. कटरा स्थित बकुची पावर ग्रिड परिसर में पानी घुस गया है. इस बीच सुपौल में कोसी के बढ़ते जलस्तर में सोमवार की सुबह कमी आई है. कोसी बैराज से निकलने वाले पानी का डिस्चार्ज लगातार कम हो रहा है. इससे प्रभावित क्षेत्रों में पानी धीरे-धीरे घटने लगा है. हालांकि जिले के छह प्रखंड बसंतपुर, भपटियाही, मरौना, निर्मली, किसनपुर और सुपौल की करीब 25 से 30 पंचायतें अब भी बाढ़ की चपेट में हैं. पानी कम होने से कुछ हद तक राहत मिली है, लेकिन नदी के कटाव का खतरा अब भी बना हुआ है.

### करीब 16 जिले बाढ़ से प्रभावित

बिहार के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं. प्रभावित जिलों की बात करें तो सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, मधेपुरा, मधुबनी, दरभंगा, सीवान किशनगंज, गोपालगंज, सारण, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण आदि शामिल हैं. राहत बचाव के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगी हैं.

### लोगों को घबराने की जरूरत नहीं- जल संसाधन मंत्री

बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि, जल संसाधन विभाग की टीम तटबंधों की 24 घंटे निगरानी कर रही है ताकि कटाव या खतरे का पता चलते ही त्वरित कार्रवाई की जा सके. विभाग के तीन अधीक्षण अभियंता, 17 कार्यपालक अभियंता, 25 सहायक अभियंता और 45 कनीय अभियंता 24 घंटे काम कर रहे हैं. वे हमेशा सतर्क रहते हैं. इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है.




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**